हिंदी दैनिक
# नागपुर मेट्रो समाचार
BCN GROUP
DIGITAL in BCN NEWS 24X7 www.inbcn.in
RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, बुधवार, 12 फरवरी 2025 अंक 121/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-




शिवशंकर आयुर्वेदिक
● डॉ. श्री बालाजी तांबे (संतूलन आयुर्वेदिक)
● श्री स्वागत तोडकर ● तन्वी हर्बल क्लिनिक
इनकी दवाईयाँ उपलब्ध तथा Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।
----- विशेष उपचार -----
वात, जोडों का दर्द, सुजन, लखवा, नसो में अकडन, हड्डीयों मे (Fluid Liquid) कम हो जाना, डायबिटीज से परेशान, B.P. (Heart) , पेट कि समस्या, पाईल्स, बालों की समस्या, समस्त स्त्री रोग, आदि सभी जटील रोगों पर विशेष उपचार।
नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.
फोन 9112079000 / 8605245080
सभी प्रतिष्ठित आयुर्वेदिक कम्पनियो की दवाईयाँ तथा सभी प्रकारकी काष्ट औषधिया, दिव्य वनौषधी, जडीबुटीयाँ तथा उनके पावडर मिलने का विश्वषनिय स्थान।


# हमें ओपन सोर्स सिस्टम विकसित करना चाहिए: प्रधानमंत्री मोदी

## पेरिस में एआई एक्शन समिट को संबोधित किया

**पेरिस.**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में एआई एक्शन समिट को संबोधित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमें ओपन सोर्स सिस्टम विकसित करना चाहिए जो विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ाए। हमें पूर्वाग्रहों से मुक्त गुणवत्ता वाले डेटा केंद्रों का निर्माण करना चाहिए, हमें प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण करना चाहिए और लोगों के केंद्र अनुप्रयोगों का निर्माण करना चाहिए। हमें साइबर सुरक्षा, दुष्प्रचार और डीपफेक से संबंधित चिंताओं का समाधान करना चाहिए। हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी प्रभावी और उपयोगी होने के लिए स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र में निहित है।' हमें कौशल में निवेश करने की आवश्यकता है', सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा, 'नौकरियों का नुकसान एआई का सबसे खतरनाक व्यवधान है, लेकिन इतिहास से पता चला है कि प्रौद्योगिकी के कारण काम गायब नहीं होता है, केवल इसकी प्रकृति बदलती है। हमें कौशल में निवेश करने की आवश्यकता है और एआई-संचालित भविष्य के लिए हमारे लोगों को फिर से कुशल बनाना। भारत अपना अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने के लिए तैयार है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एआई का भविष्य सबके लिए अच्छा हो। भारत ने अपने 1.4 अरब से अधिक लोगों के लिए बहुत कम लागत पर डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को सफलतापूर्वक तैयार किया है।'



### मैक्रों ने किया था पीएम मोदी का भव्य स्वागत

प्रधानमंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि भारत एआई को अपनाने के साथ डेटा गोपनीयता का प्रौद्योगिकी-कानूनी आधार तैयार करने में भी अग्रणी है। बता दें कि इसके पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पेरिस के एलिसी पैलेस में आयोजित वेलकम डिनर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गले लगाकर स्वागत किया था। मोदी ने सोमवार को 'एक्स' पर लिखा था, 'पेरिस में अपने मित्र राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर प्रसन्नता हुई।' डिनर में पीएम मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से भी मुलाकात की। वेंस भी एआई समिट में भाग लेने के लिए फ्रांस में हैं। यह मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले ट्रंप प्रशासन के शीर्ष नेतृत्व के साथ पहली बातचीत थी।

# एलओसी के पास हुआ भीषण बम धमाका

**जम्मू.** जम्मू सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास हुए विस्फोट में सेना के दो जवानों शहीद हो गए और 1 जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को यहां अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास हुए भीषण विस्फोट में सेना के दो जवानों की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि सैनिक गश्त कर रहे थे, तभी भट्टल इलाके में विस्फोट हुआ।
प्रारंभिक जानकारी से पता चला है कि विस्फोट एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) के विस्फोट के कारण हुआ, जिसके बारे में माना जा रहा है कि इसे संदिग्ध आतंकवादियों ने लगाया था।
अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी गई और विस्तृत जानकारी का इंतजार है। उन्होंने बताया कि घायल सैनिकों को अस्पताल ले जाया गया है और उनकी हालत "गंभीर" बताई गई है।

# महाकुंभ में उमड़ा महाजनसैलाब

## ट्रेन से लेकर रोड तक हर जगह श्रद्धालुओं का हुजूम

**प्रयागराज.**



आज महाकुंभ का पांचवां प्रमुख स्नान है। माघ पूर्णिमा पर संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालु देश भर के कोने-कोने से प्रयागराज पहुंच रहे हैं। पिछले तीन दिनों में महाकुंभ में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ में इस कदर इजाफा हुआ है कि पूरी की पूरी ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा गई है। प्रयागराज जाने वाले रास्तों पर गाड़ियों की लंबी-लंबी कतारें लगी हैं। संगम तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को कई-कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है। सड़क से लेकर रेलवे स्टेशन तक, हर जगह आस्था का सैलाब नजर आ रहा है। महाकुंभ में डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालु काशी और अयोध्या भी पहुंच रहे हैं। ऐसे में वहां भी जबरदस्त भीड़ नजर आ रही है। वहीं प्रयागराज पहुंचने के लिए बिहार के पटना रेलवे स्टेशन पर आज भी श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ी है। लाखों की संख्या में आज भी श्रद्धालु महाकुंभ जाने के लिए पटना स्टेशन पहुंचे हैं। ट्रेन में घुसने के लिए यात्रियों ने कोच का शीशा तक तोड़ दिया। दरअसल, भीड़ की वजह से ऐसी कोच के गेट बंद हैं, जिससे लोग भड़क रहे हैं। ब्रह्मपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन में सवार होने के लिए कुछ लोगों ने गेट का शीशा तोड़ दिया। पटना स्टेशन पर इस समय लोगों की भीड़ इतनी ज्यादा है कि पैर रखने की जगह नहीं है। कई लोगों की ट्रेन तक छूट गई हैं। स्टेशन पर महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ थी। लोग एसी कोच में चढ़ने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन यात्रियों ने अंदर से गेट बंद कर दिया था। इससे नाराज यात्रियों ने प्लेटफॉर्म पर जमकर हंगामा किया। इस दौरान पत्थरबाजी भी की। इससे करीब 12 एसी कोच के कांच टूटे हैं। कुछ यात्रियों को हल्की चोट भी लगी है।

### ट्रेनों पर किया पथराव

बिहार के ज्यादातर शहरों के रेलवे स्टेशनों का इस समय यही हाल है। हर जगह पर रेलवे स्टेशन पूरी तरह से फुल चल रहे हैं। मुज्जफरपुर रेलवे स्टेशन भी महाकुंभ जाने वाले यात्रियों से खचाखच भरा है। बहुत से लोगों को तो ट्रेन में चढ़ने का मौका ही नहीं मिल रहा है। प्रयागराज जाने के लिए शहर-शहर लोगों का हुजूम उमड़ा हुआ है। बस अड्डे और रेलवे स्टेशनों पर लोगों का रेला लगा है। ऐसे में लोगों का गुस्सा भी जमकर फूट रहा है। जयनगर से नई दिल्ली जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी सुपरफास्ट एक्सप्रेस पर समस्तीपुर स्टेशन पर पथराव किया गया।

# क्या पंजाब में बदला जाएगा सीएम ?

## केजरीवाल से मुलाकात के बाद भगवंत मान ने दिया ये जवाब

**नई दिल्ली.**



दिल्ली में आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात के बाद पंजाब में सीएम बदले जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री भगवंत मान हंस पड़े. दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी को मिली हार के बाद पंजाब के सीएम पद को लेकर सियासी गलियारे में अटकलें लगने लगीं. दिल्ली की राजौरी गार्डन सीट से नवनिर्वाचित विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने दावा किया कि आप के राष्ट्रीय संयोजक पंजाब के सीएम मान को हटाने की कोशिश कर रहे हैं. पार्टी में असंतोष की अटकलों को किया खारिज, सीएम मान से जब इन अटकलों पर सवाल किया गया तो उन्होंन कहा, "उन्हें कहने दीजिए."
उन्होंने पंजाब की आप इकाई में किसी तरह के असंतोष के कांग्रेस के दावों को भी सिरे से खारिज किया औ कहा कि पार्टी के नेता और कार्यकर्ता समर्पित हैं. 'दिल्ली में प्रचार के लिए अरविंद केजरीवाल ने धन्यवाद दिया', बता दें कि मंगलवार को सीएम मान के साथ पंजाब के मंत्री और विधायक दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से मिलने पहुंचे थे. इस मुलाकात के बाद सीएम मान ने मीडिया से बातचीत की. उन्होंने बताया कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए पंजाब के सभी मंत्रियों और विधायकों को धन्यवाद दिया. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमें मिलकर काम करना है. हमारी पार्टी काम के नाम पर जानी जाती है. हम किसी धर्म और पैसे बांटने या गुंडागर्दी की राजनीति नहीं करते हैं. आज की मुलाकात में दिल्ली की भी पूरी टीम थी. दो साल अभी बाकी हैं.

### पंजाब की सरकार लोगों के हित में काम कर रही है: सीएम मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में हमारी सरकार लोगों के हित में काम कर रही है. चाहे वो बिजली हो, शिक्षा हो या इंफ्रास्ट्रक्चर का क्षेत्र हो या अस्पतालों का काम हो, हम लगातार काम कर रहे हैं और इसे और तेज करना है. आज भी दिल्ली के लोग हमें कहते हैं कि ऐसे काम हमने 75 सालों ने देखे और न सुने हैं, जितनी आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में किए हैं. हार जीत चलती रहती है. दिल्ली की टीम का तजुर्बा हम पंजाब में इस्तेमाल करेंगे.

# ट्रंप पर बुरी तरह भड़के पोप फ्रांसिस

**वॉशिंगटन/रोम.**



कैथलिक चर्च के प्रमुख एवं ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस ने डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा प्रवासियों को बड़े पैमाने पर निर्वासित किए जाने को लेकर बड़ा बयान दिया है। अमेरिका से अवैध प्रवासियों के निर्वासन के मुद्दे पर भड़कते हुए पोप फ्रांसिस ने मंगलवार को ट्रंप प्रशासन की निंदा की और आगाह किया कि इसका अंत बुरा होगा। उन्होंने कहा कि केवल उनकी अवैध स्थिति के कारण जबरदस्ती देश से बाहर निकाल देना प्रवासियों को उनकी अंतर्निहित गरिमा से वंचित करता है। पोप फ्रांसिस इस मुद्दे पर कितने सीरियस हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अमेरिका के बिशपों को इस बारे में एक चिट्ठी भी लिखी है।

# श्रद्धालुओं की बस भीषण हादसे की शिकार, 7 की मौत



**जबलपुर.** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में मंगलवार सुबह प्रयागराज महाकुंभ से आंध्र प्रदेश लौट रहे 7 श्रद्धालुओं की मिनी बस और ट्रक की टक्कर में मौत हो गई। जबलपुर कलेक्टर दीपक कुमार सक्सेना ने बताया कि यह घटना जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर सिहोरा कस्बे के पास सुबह करीब 8.30 बजे हुई। उन्होंने बताया कि ट्रक और मिनी बस की टक्कर में आंध्र प्रदेश के सात लोगों की मौत हो गई। ये सभी लोग महाकुंभ में स्नान कर वापस लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि ट्रक गलत दिशा से राजमार्ग पर जा रहा था, जिससे यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य मिनी बस के अंदर फंस गए। दुर्घटना के बाद कलेक्टर और जबलपुर के पुलिस अधीक्षक दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हो गए।

# दुनियाभर की करेंसी भी गिरी...



**नई दिल्ली.** लोकसभा में इन दिनों बजट सत्र चल रहा है. बीते कई दिनों से सभी सांसदों ने बजट पर अपनी-अपनी बाते कही और कई सवाल पूछे. इन्हीं सवालों का जवाब आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में दिया. इस दौरान उन्होंने डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमतों में लगातार हो रही गिरावट को लेकर कहा कि इसमें कई फैक्टर काम करते हैं. दुनियाभर के देशों की करेंसी गिरी है. उन्होंने आगे कहा कि इंडोनेशिया से लेकर जी-10 करेंसी, जापानी येन, ब्रिटिश पाउंड, यूरो तक की कीमतें डॉलर के मुकाबले गिरी हैं. अपने संबोधन की शुरुआत में ही उन्होंने वैश्विक अनिश्चितताओं का जिक्र किया और कहा कि इस बजट को ऐसे चुनौतीपूर्ण माहौल में तैयार किया गया है, जहां मध्य-पूर्व से लेकर यूक्रेन युद्ध तक के संकट चल रहे हैं. उन्होंने कहा कि इस बजट का उद्देश्य भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के साथ-साथ समावेशी विकास की दिशा में ठोस कदम उठाना है.

# मणिपुर

## में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी



### इंफाल पश्चिम और तेंगनौपाल जिलों से 9 उग्रवादी गिरफ्तार

सुरक्षा बलों ने रविवार को गिरफ्तार पांच. आतंकवादियों के पास से एक एलएमजी, एक एसएलआर, दो इंसास राइफल और एक एके 47 राइफल के साथ-साथ 14 मैगजीन, गोला-बारूद और अन्य सामान जब्त किया। पुलिस ने रविवार को चुराचांदपुर जिले के कांवपुई इलाके से हथियारों की तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक कोल्ट 7.65 एमएम ऑटो पिस्तौल और 9 एमएम पिस्तौल (देशी), मैगजीन, 16 अलग प्रकार के गोला-बारूद और अन्य सामान जब्त किया गया।

**मणिपुर.** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पश्चिम और तेंगनौपाल जिलों से नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के दो उग्रवादियों को सोमवार को इंफाल पश्चिम जिले के रूपमहल टैंक इलाके से गिरफ्तार किया गया। वे रूपमहल टैंक क्षेत्र में जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल थे। एक अन्य अभियान में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (कोइरेंग) और पीआरईपीएके के दो उग्रवादियों को रविवार को तेंगनौपाल जिले से गिरफ्तार किया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने तेंगनौपाल जिले के एल मिनौ रिजलाइन से प्रतिबंधित समूह केसीपी (ताइबंगांबा) के पांच सदस्यों को भी गिरफ्तार किया है।


कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

"मौसम के जोखिमों से हमारे मेहनती किसान भाई–बहनों के हितों को सुरक्षित करने में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना काफी कारगर साबित हो रही है। इसका लाभ करोड़ों किसानों को मिल रहा है।"
– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री






फसल को मिला सुरक्षा का साथ
मेरी पॉलिसी मेरे हाथ
फसल बीमा कराओ, सुरक्षा कवच पाओ
प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की उपलब्धियाँ
• 21.95 करोड़ किसान भाई–बहनों को अब तक मिला फसल बीमा का लाभ
• ₹1.72 लाख करोड़ के दावों का भुगतान किसानों को किया
• 72.61 करोड़ से अधिक किसान आवेदन प्राप्त
देशव्यापी हेल्पलाइन 14447
मेरी पॉलिसी मेरे हाथ
महा अभियान
10 फरवरी से 15 मार्च, 2025
आपके गाँव में होने वाले शिविर में इन विषयों पर जानकारी प्राप्त करें:
• बीमा पॉलिसी, सरकारी नीतियाँ, भूमि अभिलेख एवं दावे और शिकायत निवारण
• किसानों के प्रशिक्षण हेतु फसल बीमा पाठशाला
व्हॉट्सऐप पर हमसे जुड़ें
प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
बीमा भागीदार AIC Chola MS FUTURE GENERALI HDFC ERGO ICICI Lombard Kshema Oriental Insurance RELIANCE GENERAL INSURANCE SBI general Universal Sompo General Insurance
योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
जनसेवा केंद्र | क्रॉप इंश्योरेंस ऐप https://play.google.com | पोस्ट ऑफिस | बैंक शाखा | @PMFBY
योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें


CMYK

# हिंदुस्तान सभी स्रोतों से ऊर्जा खरीदने के लिए तैयार



## न्यूनतम दरों पर ऊर्जा आयात के लिए तैयार

❑ पुरी ने कहा कि देश में एलपीजी (द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस) की उपलब्धता कमोबेश समाप्त हो चुकी है और विचार यह है कि हर घर तक पाइप के माध्यम से प्राकृतिक गैस पहुंचाई जाए, क्योंकि यह 30 प्रतिशत सस्ती है। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और गेल अमेरिका से एलएनजी (तरल प्राकृतिक गैस) और कच्चा तेल खरीदने पर विचार कर रही हैं।

**नई दिल्ली.**

भारत सभी स्रोतों से न्यूनतम दरों पर ऊर्जा आयात के लिए तैयार है। साथ ही केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि घरेलू तेल विपणन कंपनियां अधिक गैस की तलाश कर रही हैं, जिसकी लागत 2026 में कम होने की उम्मीद है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यह बात कही। मंगलवार से शुरू हो रहे भारतीय ऊर्जा सप्ताह 2025 से पहले पुरी ने अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद रूस से भारत को ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ने वाले असर की आशंकाओं को दूर किया। पुरी ने कहा, "आज हमारे सामने ऐसी स्थिति है कि हम 27 आपूर्तिकर्ताओं की जगह 39 आपूर्तिकर्ताओं से पेट्रोलियम पदार्थों की खरीदारी कर रहे हैं। अर्जेंटीना को भी इसमें शामिल किया है। हम सभी स्रोतों से आयात करने के लिए तैयार हैं।" उन्होंने कहा, "हमने आयात के समय निविदाएं जारी कीं। वे निविदाएं किसी भी आपूर्तिकर्ता के लिए खुली हैं। हम सबसे सस्ते स्रोत से खरीदते हैं।" उन्होंने यह भी बताया कि घरेलू (तेल विपणन कंपनियां) अधिक गैस की तलाश में हैं।

# जेनरेटिव एआई से 45 फीसदी तक बढ़ेगी आईटी क्षेत्र की उत्पादकता

**नई दिल्ली.**



## सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में सर्वाधिक वृद्धि संभव

❑ सर्वे में कहा गया है कि सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट भूमिकाओं में उत्पादकता में सबसे अधिक करीब 60 फीसदी वृद्धि होगी। इसके बाद बीपीओ सेवाओं में 52 फीसदी और आईटी परामर्श में 47 फीसदी सुधार होगा। यह तिकड़ी (सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, बीपीओ सेवाएं और आईटी परामर्श) तकनीकी सेवाओं की समग्र उत्पादकता के सुधार में 50-60 फीसदी का योगदान देगी।

जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल 254 अरब डॉलर की भारतीय आईटी उद्योग की उत्पादकता अगले पांच साल में 43-45 फीसदी बढ़ा सकती है। उत्पादकता में यह वृद्धि 500 भूमिकाओं तक फैलेगी।

कंसल्टिंग फर्म ईवाई इंडिया की ओर से किए गए एक सर्वे के मुताबिक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इन्फोसिस जैसी शीर्ष आईटी कंपनियां नए प्रोजेक्ट में एआई का इस्तेमाल कर रही हैं। शीर्ष आईटी कंपनियों के 89 फीसदी क्लाइंट ने जेनरेटिव एआई प्रोजेक्ट का परीक्षण शुरू कर दिया है, जिनमें से 33 फीसदी पहले से ही उत्पादन में इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। सर्वे में कहा गया है कि सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट भूमिकाओं में उत्पादकता में सबसे अधिक करीब 60 फीसदी वृद्धि होगी। इसके बाद बीपीओ सेवाओं में 52 फीसदी और आईटी परामर्श में 47 फीसदी सुधार होगा। यह तिकड़ी (सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, बीपीओ सेवाएं और आईटी परामर्श) तकनीकी सेवाओं की समग्र उत्पादकता के सुधार में 50-60 फीसदी का योगदान देगी।

# इस हफ्ते पेश हो सकता है नया इनकम टैक्स बिल

**नई दिल्ली.** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस सप्ताह लोकसभा में नया इनकम टैक्स बिल पेश कर सकती हैं. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार, 7 फरवरी 2025 को इस बिल को मंजूरी दे दी थी. यह विधेयक छह दशक पुराने आयकर अधिनियम का स्थान लेगा. बजट 2025 पेश करते समय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नया इनकम टैक्स बिल लाने की बात कही थी. नया इनकम टैक्स बिल टैक्सेशन सिस्टम में सुधार के लिए एक बड़ा सुधार ला सकता है. इस बिल का उद्देश्य नियमों का सरलीकरण करना और आम आदमी के हाथ में ज्यादा पैसा बचाना होगा.

# 'प्रगति की रौशनी, तकनीक संग कैंसर देखभाल की नई कहानी': डॉ.सागर

**नई दिल्ली.**

## मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विचार

कैंसर के निदान का मरीजों के मानसिक स्वास्थ्य पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है। अध्ययनों से पता चला है कि 70 प्रतिशत कैंसर रोगी गंभीर मानसिक तनाव से पीड़ित हैं। कैंसर के उपचार में मानसिक स्वास्थ्य को शामिल करने से रोगियों को काफी सहायता मिल सकती है तथा उनके जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार हो सकता है।

## स्क्रीनिंग और शीघ्र निदान का महत्व

कैंसर के प्रभावी प्रबंधन के लिए शीघ्र निदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए, नागपुर स्थित वॉकहार्ट अस्पताल कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रमों को प्राथमिकता दे रहा है, जिनमें विशेष रूप से स्तन और गर्भाशय के मुख के कैंसर का समावेश हैं। ये पहल लोगों को व्यापक और सुलभ स्क्रीनिंग विकल्प प्रदान करने का लक्ष्य रखती हैं। शीघ्र निदान और उपचार में सुधार के लिए शीघ्र निदान के लाभों और स्क्रीनिंग सेवाओं की उपलब्धता के बारे में जागरूकता बढ़ाना आवश्यक है।

## कैंसर के उपचार में नई तकनीक की भूमिका

तकनिकी प्रगति ने कैंसर के उपचार को पूरी तरह से बदल दिया हैं। इनका उपयोग निदान, उपचार और मरीजों के प्रबंधन को आसान बनाने के लिए किया जा रहा है। टेलीमेडिसिन ने चिकित्सीय सलाह प्राप्त करना आसान बना दिया है। इससे भौगोलिक बाधाओं को दरकिनार करते हुए, विशेष रूप से दूरदराज के क्षेत्रों में मरीजों की देखभाल संभव हो सकेगी। इसके साथ ही, एआई- आधारित एमआरआई और सीटी स्कैन जैसी इमेजिंग तकनीकों ने ट्यूमर का सटीक पता लगाना और वर्गीकरण करना आसान बना दिया है, जिससे उपचार संबंधी जल्दी निर्णय लेना संभव हो गया है।

4 फरवरी, 2025 को हम विश्व कैंसर दिवस को "यूनाइटेड बाय यूनिक" थीम के साथ मनाने जा रहें हैं, जो कैंसर उपचार और देखभाल के लिए व्यक्ति-केंद्रित दृष्टिकोण को समर्पित तीन साल के अभियान की शुरुआत होगी। यह पहल कैंसर के साथ लड़ाई में हर मरीज़ की व्यक्तिगत यात्रा पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो चिकित्सा प्रोटोकॉल के साथ-साथ व्यक्तिगत अनुभवों पर भी विचार करने को प्रेरित करेगी। भारत में 2020 में लगभग 11 लाख 60हजार नए कैंसर के मामले सामने आए, जिनमे महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में शहरी और ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल पहुंच में काफी असमानताएं थीं। इसलिए यह आवश्यक है कि किफायती कैंसर उपचार की चुनौतियों का समाधान किया जाए, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में कई मरीज़ लागत और उपलब्धता के कारण पारंपरिक दवाओं पर निर्भर रहते हैं। व्यक्तिगत चिकित्सा और इम्यूनोथेरेपी में हुए तकनीकी प्रगति ने नई आशा जगाई है, जिससे मरीजों की आनुवंशिक संरचना के अनुसार उनका उपचार संभव हो सका है।

हमारा ध्यान अब इस बात पर केंद्रित होना चाहिए कि ये नई दवाइयां और तकनीकें सभी कैंसर मरीजो तक कैसे पहुंचेंगी। मरीज़ किस क्षेत्र का रहिवासी हैं इसका इस पर कोई भी प्रभाव न पड़े। स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना कैंसर की रोकथाम में अत्यंत महत्वपूर्ण है। आंकड़े बताते हैं कि जीवनशैली से जुड़े घटक कैंसर के जोखिम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए, नागरिकों को शिक्षित करने के लिए आहार, व्यायाम पर ध्यान केंद्रित करने वाले और धूम्रपान बंद करने पर जोर देने वाले सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान चलाना आवश्यक है। कैंसर के खिलाफ मरीज की लड़ाई में ऑन्कोसर्जन बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे ट्यूमर को हटाने के लिए आवश्यक सर्जरी करते हैं। ट्यूमर को जड़ से शल्य चिकित्सा द्वारा हटाने से कैंसर के पुनरावृत्ति का जोखिम कम हो जाता है, जिससे मरीजों की जान बच जाती है, उनकी आयु बढ़ जाती है, तथा उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार होता है। बहुविषयक विशेषज्ञों की सहायता से, ऑन्कोसर्जन एक व्यक्तिगत उपचार योजना बनाने में मदद करते हैं, जिसमें कीमोथेरेपी और रेडिएशन शामिल हो सकते हैं। उनकी विशेषज्ञता केवल सर्जरी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वे रोगी को भावनात्मक आधार और मार्गदर्शन भी प्रदान करते हैं, जो रोगियों की पुनर्वास यात्रा में महत्वपूर्ण है। अंततः, ऑन्कोसर्जन कैंसर उपचार और देखभाल में क्रांति लाते हैं तथा रोगियों के समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए, जब हम विश्व कैंसर दिवस 2025 मना रहे हैं, तो आइए हम "यूनाइटेड बाय यूनिक" की थीम अपनाएं।

# पतंजलि को हुआ तगड़ा मुनाफा



**नई दिल्ली.**

रोजमर्रा की जिंदगी में काम आने वाली चीजें बनाने वाली बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के लिए अपने नतीजों का ऐलान कर दिया है. बता दें कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर में समाप्त तिमाही में पतंजलि का नेट प्रॉफिट 71.3 परसेंट बढ़कर 370.9 करोड़ रुपये हो गया. जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 216.5 करोड़ रुपये था. कंपनी ने शेयर बाजार को जानकारी दी कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 9,103.13 करोड़ रुपये हो गई, पतंजलि फूड्स ने 1 नवंबर, 2024 को पतंजलि आयुर्वेद के होम और पर्सनल केयर बिजनेस को 1,100 करोड़ रुपये में खरीद लिया है और इसी के साथ डेंटल, स्किन, हेयर और होम केयर सेगमेंट में भी इसका दायरा बढ़ गया है. हालांकि, महंगाई और कच्चे माल की कीमत अधिक होने की वजह से तीसरी तिमाही में डिमांड में थोड़ी कमी भी देखी गई. कंपनी ने तीसरी तिमाही में एक्सपोर्ट से 67.27 करोड़ रुपये का रेवेन्यू कमाया है. कंपनी ने 29 देशों में अपने सामान भेजे. फूड और अन्य एफएमसीजी सेगमेंट से कंपनी ने तीसरी तिमाही में 2,037.61 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया, जो पिछले साल 2,498.62 करोड़ रुपये था. होम एंड पर्सनल केयर सेगमेंट से कंपनी का रेवेन्यू 420.36 करोड़ रुपये रहा. जबकि कंपनी को सबसे ज्यादा मुनाफा खाना बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाले तेल से हुआ. तीसरी तिमाही में कंपनी ने एडिबल ऑयल से 6,7कमा लिए17.47 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया, जो पिछले साल 5,482.64 करोड़ रुपये था.

# सैमसंग की नई पेशकश | 19 मॉडल्स के साथ बेस्पोक एआई विंडफ्री एसी रेंज लॉन्च




**गुरुग्राम.** सैमसंग, भारत के प्रमुख उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने आज अपनी नई 2025 बेस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर्स की सीरीज लॉन्च की। यह सीरीज अत्याधुनिक एआई तकनीक और प्रीमियम डिजाइन का बेहतरीन मेल है। 19 मॉडलों की यह रेंज भारतीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है, जो न केवल भीषण गर्मियों का समाधान प्रदान करती है, बल्कि आराम, सुविधा और ऊर्जा दक्षता का वादा भी करती है। यह सीरीज एआई-संचालित इनोवेशंस के साथ बदलते मौसम के हिसाब से खुद को ढालने में सक्षम है। विंडफ्री कूलिंग तकनीक कमरे में ठंडी हवा को सीधे शरीर पर पड़ने से रोकते हुए 23,000 माइक्रो होल्स के जरिए धीरे-धीरे हवा फैलाती है। इसके एआई फास्ट और कम्फर्ट कूलिंग फीचर से कमरा तेजी से ठंडा होता है और फिर बिजली बचाने के लिए ऊर्जा-कुशल सेटिंग्स पर शिफ्ट हो जाता है।

आधुनिक जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए इस सीरीज में स्मार्टथिंग्स कनेक्टिविटी का उपयोग किया गया है। इसमें रिमोट निगरानी के लिए मैप व्यू और सहज नियंत्रण के लिए क्विक रिमोट जैसे उन्नत फीचर्स शामिल हैं। सैमसंग की यह नई रेंज उपभोक्ताओं को न सिर्फ आरामदायक ठंडक प्रदान करती है, बल्कि बिजली बचत और स्मार्ट तकनीक के साथ एक बेहतर अनुभव का भी वादा करती है। सैमसंग इंडिया के डिजिटल अप्लाएंसेज के सीनियर डायरेक्टर गुरफान आलम ने बताया कि 2025 बेस्पोक एआई विंडफ्री एयर कंडीशनर भारतीय गर्मियों की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। यह कूलिंग अनुभव को पूरी तरह से नए तरीके से परिभाषित करते हैं। ये एयर कंडीशनर सैमसंग की इनोवेशन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जो रोजमर्रा की जिंदगी को आसान और बेहतर बनाते हैं। एआई-संचालित कूलिंग, ऊर्जा की बचत, स्मार्ट कनेक्टिविटी और आधुनिक जीवनशैली को ध्यान में रखकर बनाए गए ये एसी भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एक शानदार विकल्प साबित होंगे। सैमसंग ने भारतीय एयर कंडीशनर बाजार में अपनी पकड़ को और मजबूत किया है।

कंपनी का मानना है कि 2025 तक उनकी बिक्री में तेज़ी बनी रहेगी। बेस्पोक एआई विंडफ्री लाइनअप के साथ, सैमसंग एसी सेक्टर में एआई तकनीक को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह तैयार है। ऊर्जा दक्षता और बेहतर कूलिंग अनुभव के लिए एआई सुविधाओं को शामिल करते हुए यह नई रेंज सैमसंग को बाजार में और मजबूत बनाएगी।

बेस्पोक एआई विंडफ्री एसी एआई तकनीक के माध्यम से कूलिंग और ऊर्जा दक्षता को एक नई परिभाषा देता है। इसका एआई एनर्जी मोड बुद्धिमानी से कूलिंग सेटिंग्स को एडजस्ट करता है, जिससे 30% तक ऊर्जा की बचत संभव होती है। यह फीचर उन उपभोक्ताओं के लिए बेहद उपयोगी है जो आरामदायक कूलिंग चाहते हैं लेकिन साथ ही बिजली की खपत को कम करने पर जोर देते हैं। इसके एआई डिजिटल इन्वर्टर कंट्रोल की खासियत यह है कि यह 58 डिग्री सेल्सियस तक के बाहरी तापमान में भी ठंडक बनाए रखता है। भारत की भीषण गर्मियों में यह फीचर बेहद विश्वसनीय साबित होता है, जो हर समय आरामदायक और प्रभावी कूलिंग प्रदान करता है।

सैमसंग का नया लाइनअप स्मार्टथिंग्स प्लेटफॉर्म के साथ आता है, जो एयर कंडीशनर इस्तेमाल करने के तरीके को पूरी तरह बदल देता है। एक शोध में भारतीय उपभोक्ताओं ने स्मार्ट ऐप के जरिए आसान रिमोट कंट्रोल और पॉप-अप फंक्शन जैसे सुविधाजनक ऑप्शन्स को प्राथमिकता दी है। यह एसी क्विक रिमोट जैसी खासियतों के साथ आता है, जिससे आप अपने स्मार्टफोन का उपयोग करके एसी की पावर, मोड, तापमान और हवा की मात्रा को आसानी से नियंत्रित कर सकते हैं।

इससे बार-बार फिजिकल रिमोट ढूंढने की परेशानी खत्म हो जाती है और सब कुछ आपकी उंगलियों पर आ जाता है। मैप व्यू फीचर घर का वर्चुअल 3D दृश्य दिखाता है, जिससे दूर रहते हुए भी एसी को मॉनिटर और नियंत्रित करना आसान हो जाता है। उपभोक्ता घर के कमरे के तापमान, वायु की गुणवत्ता और ऊर्जा खपत जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की जांच कर सकते हैं, जिससे स्मार्ट और कनेक्टेड जीवन का अनुभव मिलता है।

साथ ही, यह बिक्सबी, एलेक्सा और गूगल असिस्टेंट के साथ भी संगत है, जो वॉयस कंट्रोल को और सरल और सहज बनाता है। वेलकम कूलिंग फीचर घर पहुंचने से पहले ही एसी को चालू कर देता है, जिससे घर आने पर एकदम ठंडा और आरामदायक वातावरण मिलता है। यह फीचर न केवल आपकी सुविधा बढ़ाता है बल्कि आपके जीवन को और ज्यादा आरामदायक बनाता है। विंडफ्री गुड स्लीप फीचर खासतौर पर रात में बेडरूम के वातावरण को सुखद और आरामदायक बनाने के लिए तैयार किया गया है। यह तापमान और आर्द्रता को संतुलित रखते हुए अचानक होने वाले उतार-चढ़ाव को रोकता है, जो नींद में बाधा डाल सकते हैं। यह फीचर एक शांत और आरामदायक नींद सुनिश्चित करता है, जो उन भारतीय उपभोक्ताओं के लिए आदर्श है, जो अपने व्यस्त जीवन में बेहतर आराम और विश्राम की तलाश में हैं।

# नवनीत एजुकेशन लिमिटेड ने पेश किया 'नवनीत एआई'

## शिक्षकों के शिक्षण अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में पहल

**मुंबई.** शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी नवनीत एजुकेशन लिमिटेड ने 'नवनीत एआय' लॉन्च करने की घोषणा की है। यह नवाचार शिक्षकों को ज्ञान और संसाधनों तक आसान पहुंच प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। नवनीत के व्यापक शैक्षणिक सामग्री संग्रह का लाभ उठाते हुए, 'नवनीत एआय' के उपकरण शिक्षकों को पाठ अधिक प्रभावी ढंग से पढ़ाने में मदद करेंगे। यह प्लेटफॉर्म इंटरएक्टिव और उपयोग में सरल है, जिससे शिक्षक क्विज़, होमवर्क, पीपीटी, फ्लैशकार्ड, सारांश और अन्य शैक्षणिक सामग्री आसानी से तैयार कर सकेंगे। कई दशकों से भारतभर में शिक्षक और छात्र नवनीत की पढ़ाई से जुड़ी किताबों और संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं।

नवनीत डाइजेस्ट, वर्कबुक, नवनीत 21 मोस्ट लाइकली क्वेश्चन सेट्स, प्री-प्राइमरी और बच्चों के लिए प्रकाशित किताबों ने सीखने को आसान बनाया है। अब 'नवनीत एआय' के जरिए 50,000 से ज्यादा संसाधनों को एक नए रूप में पेश किया जा रहा है, जिससे पढ़ाई का अनुभव और दिलचस्प और असरदार बनेगा। यह नया प्लेटफॉर्म शिक्षकों को ऐसे डिजिटल टूल्स उपलब्ध कराएगा, जो पढ़ाने के तरीके को और सरल और प्रभावी बनाएंगे। नवनीत एजुकेशन का लक्ष्य पारंपरिक शैक्षणिक संसाधनों को आधुनिक तकनीक से जोड़कर शिक्षण को और बेहतर बनाना है। "नवनीत एआय के जरिए हमारा लक्ष्य शिक्षकों के लिए पढ़ाई से जुड़ी सामग्री को अधिक सुलभ और उनकी जरूरतों के अनुसार लचीला बनाना है," नवनीत एजुकेशन लिमिटेड के ब्रांडिंग, मार्केटिंग और सेल्स डायरेक्टर देविश गाला ने कहा। "डिजिटल तकनीक को विश्वसनीय शैक्षणिक सामग्री से जोड़कर, हम शिक्षकों को नई पीढ़ी को प्रेरित करने के उनके प्रयासों में सहयोग दे रहे हैं। नवनीत एआय हमारे इस संकल्प का प्रतीक है कि हम तकनीकी प्रगति के साथ आगे बढ़ते रहें और बदलते शैक्षणिक माहौल की आवश्यकताओं को पूरा करें।"

नवनीत एजुकेशन लिमिटेड के टॉपटेक के सीईओ हर्षिल गाला ने कहा कि नवनीत एआय के जरिए शिक्षा देने के तरीके में बड़ा बदलाव लाया जा रहा है। यह शिक्षकों और छात्रों दोनों के लिए सीखने की प्रक्रिया को अधिक इंटरएक्टिव और प्रभावी बना रहा है। नवनीत हमेशा से शिक्षा में नवाचार के अग्रणी रहा है।

# सैमसंग गैलेक्सी एस 25 सीरीज़ ने मचाया तहलका



**गुरुग्राम.** भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक कंपनी सैमसंग ने घोषणा की है कि उसकी नई फ्लैगशिप गैलेक्सी एस25 सीरीज़ को भारतीय उपभोक्ताओं से जबरदस्त समर्थन मिला है। इस सीरीज के लिए अब तक 4,30,000 से अधिक प्री-ऑर्डर मिल चुके हैं, जो पिछले साल की गैलेक्सी एस 24 सीरीज की तुलना में 20% अधिक हैं। यह बढ़ती मांग सैमसंग के प्रति उपभोक्ताओं के विश्वास और एडवांस टेक्नोलॉजी के प्रति उनकी रुचि को दर्शाती है। सैमसंग इंडिया के एमएक्स डिवीजन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राजू पुलन ने कहा कि गैलेक्सी एस 25 अल्ट्रा, गैलेक्सी एस25+ और गैलेक्सी एस25 स्मार्टफोन ने स्मार्टफोन अनुभव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। गैलेक्सी एआई के साथ ये डिवाइस पहले से कहीं अधिक नेचुरल और कॉन्टेक्स्ट-अवेयर मोबाइल अनुभव प्रदान करते हैं।

उन्होंने बताया कि युवा तकनीक-प्रेमी उपभोक्ताओं के बीच इस सीरीज़ की जबरदस्त मांग देखी गई है, खासकर वे उपभोक्ता जो एआई टेक्नोलॉजी का उपयोग करना पसंद करते हैं। इस साल सैमसंग ने अपने फ्लैगशिप डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क को बढ़ाकर 17,000 आउटलेट तक पहुंचाया है, जिससे छोटे शहरों में भी ग्राहकों की जरूरतें पूरी की जा सकेंगी। गैलेक्सी एस25 सीरीज़ की सफलता इस बात को साबित करती है कि उपभोक्ता ऐसे एआई समाधानों को तेजी से अपना रहे हैं, जो उनके रोजमर्रा के जीवन को आसान बनाते हैं। खासतौर पर भारतीय उपभोक्ताओं के लिए, गैलेक्सी एस25 सीरीज़ में गूगल का जेमिनी लाइव पहले से ही हिंदी में उपलब्ध होगा। यह इस बात का संकेत है कि भारत सैमसंग के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण बाजार है। 7 फरवरी से गैलेक्सी एस25 सीरीज़ रिटेल स्टोर्स, सैमसंग और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी। गैलेक्सी एस25 अल्ट्रा चार खूबसूरत रंगों टाइटेनियम सिल्वर ब्लू, टाइटेनियम ब्लैक, टाइटेनियम व्हाइट सिल्वर और टाइटेनियम ग्रे में उपलब्ध होगा। वहीं, गैलेक्सी एस25 और गैलेक्सी एस25+ को नेवी, सिल्वर शैडो, आइसीब्लू और मिंट रंग में लॉन्च किया गया है।

# अडानी हेल्थ सिटी हो रहा लॉन्च

## मिलेगी वर्ल्ड क्लास मेडिकल सर्विस, 6 हजार करोड़ रुपये होंगे खर्च



### मेडिकल इनोवेशन पर दिया जाएगा जोर

अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने कहा, ''दो साल पहले, मेरे 60वें जन्मदिन पर उपहार के तौर पर मेरे परिवार ने हेल्थ सर्विस, एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट में सुधार के लिए 60,000 करोड़ रुपये देने का वादा किया था. अडानी हेल्थ सिटी इसी कड़ी का पहला कदम है, जो भारतीय समाज के हर वर्ग के लोगों को सस्ती, विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय करेगा.

**नई दिल्ली.**

देश के जाने-माने इंडस्ट्रलियस्ट गौतम अडानी ने मायो क्लीनिक के साथ पार्टनरशिप में अडानी हेल्थ सिटी को लॉन्च करने का ऐलान कर दिया है. इसके तहत मुंबई और अहमदाबाद में दो मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे. 1,000 बेड वाले इस मेडिकल कॉलेज के लिए अडानी ग्रुप की तरफ से 6,000 करोड़ रुपये डोनेट किए जाएंगे.

बिजनेस टायकून गौतम अडानी का प्लान भारत के कई शहरों में अडानी हेल्थ सिटी बनाने का है. इस मेडिकल कॉलेज में सालाना 150 ग्रेजुएट्स, 80 से ज्यादा रेजिडेंट डॉक्टर्स व 40 से ज्यादा फेलो को एंट्री मिलेगी. इसका मकसद समाज के सभी वर्गों को किफायती वर्ल्ड क्लास मेडिकल फेसिलिटी उपलब्ध कराना है. अडानी ग्रुप ने इन दोनों अस्पतालों में संगठनात्मक उद्देश्यों और क्लीनिकल प्रैक्टिस पर स्ट्रैटिजिक एडवाइस देने के लिए अमेरिका के मेयो क्लीनिक ग्लोबल कंसल्टिंग (मेयो क्लीनिक) को अपॉइंट किया है. मुझे विश्वास है कि दुनिया की सबसे बड़े मेडिकल ग्रुप प्रैक्टिस, मेयो क्लिनिक के साथ हमारी साझेदारी भारत में हेल्थ सर्विस स्टैंडर्ड को ऊपर उठाते हुए मेडिकल इनोवेशन पर जोर देगी और इसके तहत जटिल बीमारियों का भी इलाज किया जाएगा.


१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123



निकाल — महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र सह्याद्री — सोडत सायं. 4:30 वाजता
• महालक्ष्मी विकली लॉटरी •
सोडत दर मंगळवार • सोडत क्रमांक 06 • तिकिट किं. रु. 15/- • सोडत दिनांक 11/02/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- SM-02 : 5236
सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी
दुसरे बक्षिस रु. 5000/- 2892
तिसरे बक्षिस रु. 2000/- 3012 | 4381 किशोर लॉटरी सेंटर, सांगली | 5947 किशोर लॉटरी सेंटर, सांगली

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1144 | 1700 | 2558 | 3396 | 4490 |
| 1146 | 1801 | 2758 | 3398 | 4677 |
| 1160 | 1877 | 2802 | 3627 | 4694 |
| 1161 | 1926 | 3243 | 3875 | 5027 |
| 1206 | 2068 | 3254 | 4058 | 5122 |
| 1301 | 2290 | 3263 | 4105 | 5325 |
| 1310 | 2320 | 3366 | 4294 | 5830 |
| 1503 | 2509 | 3391 | 4411 | 5859 |

महाराष्ट्र तेजस्विनी मासिक सोडत — सोडत दिनांक 21/02/2025 — 50 लाख — 10 लाख — 5 लाख
महाराष्ट्र सह्याद्री महालक्ष्मी विकली लॉटरी — सोडत दिनांक 11/02/2025
/princeagency /princeagencypl /princeagencymah

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी — महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत — सोडत क्र. 02 — सोडत दिनांक 11/02/2025
MS-2502 A | MS-2502 B | MS-2502 C | MS-2502 D | MS-2502 E
11 लाख — 41389 | 24505
9000/- — 24505 | 41389
10,000/- — 5996

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1000/- | 0836 | 2027 | 2629 | 5191 | 5924 | 6666 | 7694 | 9202 | 9513 | 9756 |
| | 0581 | 0974 | 6312 | 6817 | 7495 | 7974 | 8452 | 8948 | 9314 | 9826 |
| 500/- | 0499 | 1666 | 2440 | 3407 | 3718 | 4143 | 4801 | 6987 | 7082 | 7376 |
| 200/- | 2675 | 3122 | 4248 | 4994 | 5545 | 5708 | 5910 | 6463 | 7867 | 7881 |

सातवे बक्षिस रु. 150/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1212 | 1993 | 2746 | 3573 | 4486 | 5132 | 5870 | 6529 | 7301 | 8094 | 8695 | 9335 |
| | | 1213 | 2130 | 2762 | 3595 | 4501 | 5230 | 5979 | 6544 | 7318 | 8102 | 8775 | 9377 |
| | | 1222 | 2195 | 2781 | 3661 | 4525 | 5241 | 5981 | 6546 | 7393 | 8140 | 8792 | 9404 |
| 0035 | 0738 | 1265 | 2198 | 2801 | 3688 | 4558 | 5293 | 5998 | 6554 | 7433 | 8158 | 8814 | 9441 |
| 0037 | 0741 | 1276 | 2230 | 2861 | 3698 | 4565 | 5378 | 6039 | 6599 | 7444 | 8194 | 8850 | 9445 |
| 0066 | 0745 | 1287 | 2271 | 2914 | 3708 | 4626 | 5388 | 6042 | 6613 | 7458 | 8200 | 8856 | 9455 |
| 0077 | 0759 | 1295 | 2307 | 2920 | 3740 | 4629 | 5390 | 6049 | 6618 | 7480 | 8217 | 8880 | 9456 |
| 0078 | 0772 | 1329 | 2378 | 2974 | 3786 | 4639 | 5395 | 6085 | 6623 | 7677 | 8265 | 8941 | 9495 |
| 0098 | 0846 | 1343 | 2387 | 2979 | 3810 | 4643 | 5413 | 6090 | 6655 | 7679 | 8270 | 8967 | 9501 |
| 0115 | 0873 | 1355 | 2389 | 3029 | 3896 | 4667 | 5430 | 6092 | 6677 | 7680 | 8303 | 8994 | 9531 |
| 0179 | 0875 | 1370 | 2464 | 3066 | 3917 | 4709 | 5432 | 6109 | 6704 | 7682 | 8306 | 9060 | 9593 |
| 0211 | 0904 | 1390 | 2466 | 3157 | 3931 | 4711 | 5471 | 6145 | 6752 | 7692 | 8315 | 9076 | 9600 |
| 0274 | 0912 | 1413 | 2512 | 3199 | 3940 | 4712 | 5477 | 6151 | 6755 | 7724 | 8328 | 9081 | 9636 |
| 0299 | 0931 | 1448 | 2515 | 3202 | 3998 | 4717 | 5490 | 6164 | 6760 | 7806 | 8340 | 9095 | 9642 |
| 0302 | 0961 | 1465 | 2521 | 3203 | 4017 | 4733 | 5515 | 6189 | 6778 | 7819 | 8373 | 9132 | 9652 |
| 0318 | 0990 | 1508 | 2535 | 3212 | 4047 | 4741 | 5519 | 6209 | 6779 | 7829 | 8378 | 9167 | 9657 |
| 0377 | 0991 | 1574 | 2554 | 3289 | 4072 | 4742 | 5529 | 6213 | 6787 | 7900 | 8379 | 9177 | 9676 |
| 0427 | 1001 | 1674 | 2555 | 3311 | 4073 | 4776 | 5610 | 6250 | 6799 | 7917 | 8401 | 9203 | 9680 |
| 0514 | 1043 | 1702 | 2563 | 3318 | 4089 | 4825 | 5620 | 6267 | 6831 | 7924 | 8403 | 9206 | 9712 |
| 0520 | 1054 | 1711 | 2573 | 3345 | 4123 | 4845 | 5622 | 6304 | 6882 | 7947 | 8411 | 9217 | 9723 |
| 0531 | 1079 | 1773 | 2574 | 3373 | 4151 | 4854 | 5624 | 6310 | 7002 | 7948 | 8416 | 9237 | 9730 |
| 0545 | 1081 | 1825 | 2594 | 3410 | 4169 | 4886 | 5648 | 6350 | 7015 | 7968 | 8440 | 9244 | 9741 |
| 0605 | 1122 | 1865 | 2634 | 3432 | 4199 | 4918 | 5673 | 6393 | 7020 | 7977 | 8508 | 9245 | 9814 |
| 0632 | 1128 | 1878 | 2638 | 3450 | 4268 | 4931 | 5677 | 6453 | 7028 | 8015 | 8512 | 9256 | 9840 |
| 0649 | 1141 | 1892 | 2656 | 3482 | 4331 | 4979 | 5805 | 6478 | 7060 | 8024 | 8541 | 9257 | 9880 |
| 0653 | 1154 | 1930 | 2685 | 3516 | 4344 | 5002 | 5825 | 6484 | 7103 | 8025 | 8553 | 9281 | 9908 |
| 0656 | 1158 | 1949 | 2694 | 3548 | 4346 | 5035 | 5829 | 6497 | 7111 | 8026 | 8567 | 9301 | 9909 |
| 0703 | 1185 | 1967 | 2703 | 3552 | 4350 | 5036 | 5843 | 6513 | 7203 | 8035 | 8581 | 9315 | 9931 |
| 0734 | 1196 | 1977 | 2715 | 3562 | 4482 | 5096 | 5863 | 6528 | 7263 | 8056 | 8691 | 9330 | 9975 |

महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत — सोडत दिनांक 11/02/2025
/princeagency /princeagencypl /princeagencymah

# नवी मुंबई मनपा के ठेका कर्मचारियों की हड़ताल स्थगित

## > आज सभी मुद्दों पर होगी बात

**मुंबई.**



नवी मुंबई मनपा में ठेका के तहत कार्यरत 8000 से अधिक कर्मचारियों ने समान काम के लिए समान वेतन की मांग को लेकर सोमवार को आंदोलन शुरू किया। इसे गंभीरता से लेते हुए मनपा प्रशासन ने उक्त मामले में कर्मचारियों के हित में निर्णय लेने का लिखित आश्वासन दिया, जिसके बाद मनपा के ठेका कर्मचारियों ने हड़ताल वापस लेने का निर्णय लिया।

नवी मुंबई मनपा प्रशासन का कहना है कि 7 जनवरी 2025 को सभी श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों को सूचित किया गया कि महाराष्ट्र सरकार के सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक विशेष समिति नियुक्त की गई है। उक्त समिति की पहली बैठक 12 फरवरी 2025 को होगी। इसमें समाज समता कामगार संघ और अन्य सभी श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों को उपस्थित होकर अपने विचार व्यक्त करने को कहा गया था। मनपा प्रशासन का कहना है कि मनपा द्वारा श्रमिकों के हित में सकारात्मक कार्यवाही की जा रही है, शहर में आवश्यक सेवाओं को बाधित करने के उद्देश्य से विरोध प्रदर्शन करना अनुचित है, इस संबंध में लिखित तौर से पत्र देकर संगठन के पदाधिकारियों से पुनः अपील की गई कि जब तक मनपा द्वारा नियुक्त समिति की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हो जाती है, तब तक किसी भी प्रकार का विरोध प्रदर्शन न करें। जिसके बाद संगठनों ने हड़ताल को स्थगित किया। गौरतलब है कि ठेका कर्मचारियों की हड़ताल से नवी मुंबई मनपा क्षेत्र में स्वच्छता और जलापूर्ति जैसी आवश्यक दैनिक सुविधाएं बाधित न हों और नागरिकों को असुविधा न हो, इसके लिए मनपा प्रशासन ने बाहरी स्रोतों के माध्यम से सेवाएं प्रदान करने वाले आपूर्तिकर्ताओं को वैकल्पिक व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए थे।

### काम को बाधित करने की कोशिश की

नवी मुंबई मनपा प्रशासन के अनुसार समाज समता कामगार संघ (नवी मुंबई) की घोषणा के अनुसार नवी मुंबई मनपा में बाह्य स्रोतों के माध्यम से विभिन्न सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों की मांगों के संबंध में सकारात्मक कदम उठाए हैं, जिसके बारे में 9 फरवरी की रात को ही संबंधितों से अपील की गई थी और उन्हें सूचित करने के लिए एक पत्र भेजा गया था।

# महाराष्ट्र में सियासी पारा हाई

## > शिवसेना के नेताओं से मिले फडणवीस

**मुंबई.**



महाराष्ट्र में सियासी तापमान बढ़ गया है. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को अलग-अलग बैठकों में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) प्रमुख राज ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) के नेताओं से मुलाकात की. पहली बैठक दादर में राज ठाकरे के आवास 'शिवतीर्थ' पर हुई, जो विधानसभा चुनाव के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली बातचीत थी. दिलचस्प बात यह है कि राज ठाकरे ने हाल ही में चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए बीजेपी पर तीखा हमला बोला था. शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने बैठक पर चुटकी लेते हुए कहा, 'दादर में एक नया कैफे खोला गया है जहां हर कोई कॉफी पीने आता है.

मनसे नेता संदीप देशपांडे ने पलटवार करते हुए पूछा कि क्या संजय राउत शरद पवार के बंगले की सफाई के लिए उनसे मिलने जाते हैं. बाद में दिन में, वरिष्ठ नेता सुभाष देसाई, विधान परिषद के विपक्षी नेता अंबादास दानवे और एमएलसी मिलिंद नार्वेकर सहित शिवसेना (यूबीटी) के नेताओं ने सीएम फडणवीस से उनके आधिकारिक आवास, सागर बंगले पर मुलाकात की. इस बैठक का उद्देश्य दादर में दिवंगत शिवसेना सुप्रीमो बाल ठाकरे के स्मारक की तकनीकीताओं पर चर्चा करना था, जो पूरा होने वाला है.

कई मुद्दों पर सत्तारूढ़ गठबंधन से डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की नाराजगी की खबरों के बीच इन बैठकों ने अटकलों को हवा दे दी है. शिंदे हाल ही में महत्वपूर्ण बैठकों और कार्यक्रमों को छोड़कर सतारा जिले में अपने पैतृक गांव के लिए रवाना हो गए थे, जिससे असंतोष की चर्चाएं तेज हो गई थीं. हालांकि, शिवसेना (शिंदे गुट) के कैबिनेट मंत्री प्रताप सरनाईक ने स्पष्ट किया कि वैचारिक मतभेदों के बावजूद राजनीतिक विरोधियों के बीच बैठकें महाराष्ट्र की संस्कृति का हिस्सा हैं. सीएम देवेंद्र फडणवीस ने यह भी कहा कि राज ठाकरे के साथ उनकी मुलाकात एक मैत्रीपूर्ण मुलाकात थी, जिसमें कोई राजनीतिक चर्चा शामिल नहीं थी.

ऐसी अफवाहें हैं कि भाजपा अपने कोटे से मनसे को राज्यपाल द्वारा नियुक्त विधान परिषद सीट की पेशकश कर सकती है, जिससे संभावित रूप से आगामी चुनावों में भाजपा-मनसे रणनीतिक गठबंधन का मार्ग प्रशस्त हो सकता है.

# रमजान-ईद से पहले ऊंटों की अवैध तस्करी पर रोक, 28 को होगी सुनवाई

**मुंबई.**



ऊंटों के वध पर कानूनी प्रतिबंध के बावजूद महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में यह कार्य अभी भी किया जाता है। इसके अलावा कई ऊंटों को राजस्थान और गुजरात के रास्ते पैदल या वाहनों में महाराष्ट्र लाया जाता है और फिर वध के लिए तेलंगाना और दक्षिण के अन्य राज्यों में ले जाया जाता है। इसलिए बॉम्बे हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर अनुरोध किया गया है कि महाराष्ट्र में पुलिस और अन्य प्रशासन को कानून के अनुसार कार्रवाई करने और इसे रोकने का निर्देश दिया जाए। इस मामले पर सुनवाई 28 फरवरी को होने की संभावना है।

संस्था 'प्रणीण फाउंडेशन' ने यह याचिका गौराज शाह और समा शाह के माध्यम से दायर की गई है। इसमें कहा गया है कि रमजान ईद अगले महीने 31 मार्च को है। उस अवसर पर वध के लिए अनेक ऊंटों को पैदल ले जाने की यात्रा कई स्थानों से शुरू हुई होगी। इसलिए इस मुद्दे पर उससे पहले सुनवाई होनी चाहिए। एडवोकेट ने यह अनुरोध किया। गौराज ने मुख्य न्यायाधीश आलोक अराधे और न्यायमूर्ति भारती डांगरे की बेंच का गठन शुक्रवार को किया गया। इसके बाद बेंच ने सुनवाई के लिए 28 फरवरी की तारीख तय करते हुए कहा कि याचिका में उठाए गए मुद्दों का सारांश और प्रशासन की ओर से दायर हलफनामे पेश किए जाएं ताकि शीघ्र सुनवाई हो सके। याचिका में कहा गया है कि अप्रैल 2023 में हमें पता चला कि ईद के अवसर पर कुर्बानी के लिए ऊंटों का वध किया जाता है और इस उद्देश्य के लिए कई ऊंट राजस्थान से दक्षिणी राज्यों में ले जाए जाते हैं। ऊंटों को राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र के रास्ते तेलंगाना और अन्य राज्यों में ले जाया जाता है। इसके अलावा इस परिवहन के दौरान उनकी उचित देखभाल नहीं की जाती है। उन्हें घंटों तक भोजन और पानी से वंचित रखा जाता है और उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। इसमें पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन हुआ।

# कजिन पर चाकू से जानलेवा हमला

**मुंबई.** महाराष्ट्र के नासिक में प्रेम प्रसंग के एक मामले में 19 साल की एक लड़की पर उसके ही ममेरे भाई ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया. घटना गोल्फ क्लब मैदान स्थित जॉगिंग ट्रैक पर हुई. पुलिस के अनुसार, आरोपी को शक था कि पीड़िता किसी और के साथ रिश्ते में थी. इस घटना में घायल युवती को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मुंबई नाका पुलिस थाने के एक अधिकारी के अनुसार, पीड़िता का नाम पायल शिंदे (19) है और उस पर हमला करने वाले का नाम केदार गणेश जंगम है, जो उसके मामा का बेटा बताया जा रहा है.

जब पायल जॉगिंग ट्रैक पर टहल रही थी. तभी जंगम वहां पहुंचा और दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई. बताया जा रहा है कि जंगम, पायल को पसंद करता था और उसे शक था कि वह किसी और के साथ रिश्ते में है.

# चुनावी राज्यों को ध्यान में रखकर बजट क्यों बनाया?

## > राउत ने राज्यसभा में सरकार से पूछा

**मुंबई.**



शिवसेना यूबीटी नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने केंद्र सरकार पर चुनावी राज्यों को ध्यान में रखकर बजट पेश करने का आरोप लगाया है. सोमवार को राज्यसभा में अपनी बात रखते हुए राउत ने पूछा कि आखिर चुनावी राज्यों को ध्यान में रखकर बजट क्यों तैयार किया गया? उन्होंने किसानों का मुद्दा भी उठाया और पूछा कि सरकार एमएसपी क्यों नहीं दे रही है, किसानों की कर्जमाफी क्यों नहीं कर रही है. उद्योगपतियों के तो 16 लाख करोड़ रुपए माफ कर दिए. राउत ने 12 लाख रुपए तक की कमाई टैक्स फ्री करने के ऐलान पर भी सवाल खड़े किए. उन्होंने कहा कि 12 लाख कमाने वाले कितने लोग हैं, जीएसटी से लोग परेशान हैं. जीएसटी पर भी पैकेज देते तो मिडिल क्लास खुश होता.

सरकार का कहना है कि 85 करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रही है, लेकिन उनके पास काम नहीं है. देश में बेरोजगारी पर वित्त मंत्री मौन हैं. उन्होंने आगे कहा कि ये सरकार महंगाई पर चुप है. रुपया लगातार गिर रहा है. सरकार सिर्फ शो करना जानती है. मेरा मानना है कि सरकार को मिडिल क्लास और लोअर मिडिल क्लास को ध्यान में रखकर भविष्य की योजनाएं बनानी चाहिए.

### मतदाता सूची में लगाया था गड़बड़ी का आरोप

इसके अलावा राउत ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर भी टिप्पणी की थी. उन्होंने कहा था कि महाराष्ट्र और दिल्ली में मतदाता सूची में गड़बड़ी के बारे में समान पैटर्न था. हालांकि, हजारे जी ने ऐसे मुद्दों पर चुप रहना सही समझा था. हरियाणा में भी ऐसी ही कुछ शिकायतें सामने आई थी. आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में भी यही चीज सामने आएगी. उन्होंने आरोप लगाया कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से चुनावों में संवैधानिक प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया है.

# लोकल ट्रेन में मोबाइल फोन का विस्फोट



**ठाणे.** महाराष्ट्र के ठाणे में एक लोकल ट्रेन के महिला आरक्षित डिब्बे के अंदर एक महिला यात्री के मोबाइल फोन में विस्फोट हो गया, जिससे कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। नगर निगम के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तड़वी ने बताया कि सोमवार रात आठ बजकर 12 मिनट पर कलवा स्टेशन पर छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस यानी सीएसएमटी-कल्याण उपनगरीय ट्रेन में हुई। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। इससे यात्रियों के बीच कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने कहा कि विस्फोट के कारण धुआं फैल गया और रेलवे कर्मियों ने स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए आग बुझाने वाले यंत्रों का इस्तेमाल किया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि कम तीव्रता के धमाके की आवाज सुनी गई।

धमाके से डिब्बे में धुआं भर गया, जिससे कई यात्री उतरने के लिए दरवाजे की ओर भागे। प्रत्यक्षदर्शी ने कहा कि रेलवे पुलिस ने यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस के एक अधिकारी ने जानकारी दी कि जिस महिला के मोबाइल फोन में विस्फोट हुआ उसकी पहचान अब तक नहीं हो पाई है। घटना की जांच की जा रही है। हो सकता है कि बैटरी में खराबी या कोई अन्य तकनीकी समस्या के कारण यह घटना हुई हो। यात्रियों को सार्वजनिक परिवहन में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग करते समय सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि घटना के कारण किसी भी प्रकार की रेल सेवाएं बाधित नहीं हुईं है।

# नाबालिग से घिनौनी हरकत

## छेड़छाड़ के आरोप में एक व्यक्ती गिरफ्तार

**ठाणे.**



देश में महिलाएं और बच्चियां सच में सुरक्षित नहीं हैं। यह रोज छपती अखबारों की खबरों और आंकड़ों ने स्पष्ट कर दिया है। जहां अत्याचार कर रहे अपराधियों के हौसले बुलंद हैं, वहीं खबर लिखने वाले रायटर के लिए भी यह महज कुछ आंकड़े साबित हो रहे हैं। पुलिस प्रशासन और सरकार का तो क्या ही कहना, वह तो आंख मूंदकर बैठी है, ऐसा कहना गलत न होगा। महिला अत्याचार की घटनाओं में एक और घटना का इजाफा करती खबर महाराष्ट्र के ठाणे जिले से सामने आ रही है। अपने पड़ोस में रहने वाली 15 वर्षीय लड़की से कथित रूप से 21 वर्षीय आरोपी द्वारा छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया गया। घटना के सामने आने के बाद लोगों में आक्रोश है। ठाणे की पुलिस ने नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पेशे से दर्जी 21 वर्षीय आरोपी 8 फरवरी को लड़की को जबरदस्ती कलवा इलाके के भास्कर नगर स्थित अपने घर ले गया। कलवा पुलिस थाने के एक अधिकारी जानकारी दी कि आरोपी ने कथित तौर लड़की के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया और उसे गलत तरीके से छुआ। बाद में लड़की ने घटना की जानकारी अपनी मां को दी, जिन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। आगे की कार्रवाई पुलिस कर रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी को 9 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 74 महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण यानी पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# सकारात्मकता से दें पढ़ाई पर ध्यान

**मुंबई.**

जीवन में स्वयं से प्रतिस्पर्धा करके हर पल को सकारात्मक रूप से जियें। आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए, अपने समय की उचित योजना बनाएं और छोटे लक्ष्य हासिल करने पर खुशी मनाएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छात्रों को परीक्षा का तनाव लिए बिना अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी, जिससे निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं की पृष्ठभूमि में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में स्कूली छात्रों के साथ बातचीत की। इस कार्यक्रम का प्रसारण मुंबई के शिवाजी पार्क स्थित स्काउट एंड गाइड हॉल में हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, सांस्कृतिक मामलों के मंत्री एडवोकेट आशीष शेलार सहित विभिन्न स्कूलों के छात्र उपस्थित थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे सर्वांगीण ज्ञान अर्जित करें और केवल परीक्षा को ही अंतिम लक्ष्य न बनाएं।

# फर्निचर मार्केट में 150 से ज्यादा दुकानें जलीं

**मुंबई.**

महाराष्ट्र की आर्थिक राजधानी मुंबई से बड़ी खबर सामने आई है। यहां के जोगेश्वरी-ओशिवारा फर्नीचर मार्केट में भीषण आग लग गई। आग सुबह फर्नीचर मार्केट में एक लकड़ी के गोदाम में लगी और कुछ ही देर में इसने भीषण रूप ले लिया। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, जोगेश्वरी पश्चिम में रिलीफ रोड पर घास परिसर में सुबह करीब 11:30 बजे आग लग गई। ओशिवारा फर्नीचर मार्केट में लगी आग, आसमान में धुएं का गुबार उठा अंधेरी पश्चिम में स्थित ओशिवारा में एक बड़ा फर्नीचर बाजार है। यहां बड़े फर्नीचर स्टोर और लकड़ी का गोदाम भी है। यह आग फर्नीचर बाजार में लगी है। इस बात की आशंका है कि आग तेजी से और बड़े पैमाने पर फैलेगी, क्योंकि यह एक गोदाम और फर्नीचर की दुकान है। फिलहाल आग भड़की हुई है और बड़ी आग भड़कने की आशंका है। इसलिए, धुएं का गुबार आसमान में दूर तक फैलता देखा जा सकता है। इससे इलाके में भय का माहौल पैदा हो गया है। करीब 12 दमकल गाड़ियां, छह बड़े टैंकर, एंबुलेंस और वरिष्ठ अग्निशमन अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। आग 150 से अधिक लकड़ी के फर्नीचर की दुकानों तक फैल गई है। सौभाग्यवश, अभी तक किसी के घायल होने या मृत्यु की कोई सूचना नहीं है। बताया गया है कि आग फर्नीचर मार्केट में लगी थी। हालांकि, अभी भी यह स्पष्ट नहीं है कि आग किस कारण से लगी।

बताया जा रहा है कि आग सिलेंडर फटने के कारण लगी। लकड़ी के गोदाम और फर्नीचर मार्केट में लगी यह आग व्यापक रूप से फैल चुकी है और कथित तौर पर बढ़ती जा रही है। दुकानें जल रही हैं। बताया जा रहा है कि अब तक सात से आठ सिलेंडर फट चुके हैं। इसके कारण आग व्यापक रूप से फैल गई।

# लातूर में वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**मुंबई.**



लातूर जिले में उदगीर-लातूर हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया.

यह दुर्घटना लोहारा गांव के पास रात को हुई, जब तेज गति से आ रहे एक भारी वाहन ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी. इस हादसे में बाइक चला रहे दीपक बांदप्पा मठपति (30) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके साथ बैठे विनायक मठपति (17) गंभीर रूप से घायल हो गए.

स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया. पुलिस के अनुसार, दीपक को सिर में गहरी चोटें आई थीं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई.

वहीं, विनायक को नाजुक हालत में इलाज के लिए लातूर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है. प्राथमिक जांच में यह सामने आया है कि भारी वाहन की तेज रफ्तार और लापरवाही इस दुर्घटना का मुख्य कारण हो सकता है. पुलिस अधिकारी ने बताया, 'हम सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ कर रहे हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि हादसा किसकी गलती से हुआ, आरोपी वाहन चालक की तलाश की जा रही है.' पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट पहनें और सावधानीपूर्वक वाहन चलाएं ताकि ऐसे हादसों को टाला जा सके.

## आज का राशिफल

**मेष** - आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपको बेवजह किसी बातों को लेकर गुस्सा करने से बचना होगा।

**वृषभ** - आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको काम अधिक रहने के कारण आप अपनी सेहत के साथ लापरवाही कर सकते हैं।

**मिथुन** -आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस में कुछ नई योजनाओं को लेकर बातचीत करेंगे।

**कर्क** - आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको अपनी सेहत पर भी पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**सिंह** - आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

**कन्या** - आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप भावनाओं में बहकर कोई गलती ना करें,

**तुला** - आज का दिन आपके लिए समस्याओं से निजात दिलाने वाला रहेगा। आपके व्यवसाय में लंबे समय से यदि कुछ समस्या चली आ रही थी.

**वृश्चिक** - आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। व्यवसाय कर रहे लोगों को कोई बड़ा ऑर्डर मिल सकता है।

**धनु** - आज का दिन आपके लिए धैर्य और साहस से काम लेने के लिए रहेगा। आप अपनी वाणी की सौम्यता बनाए रखे,

**मकर**- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। भाई बहनों से आप यदि कोई मदद मांगेंगे,

**कुंभ**- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान को बढ़ाने वाला रहेगा। आप परिवार में यदि किसी सदस्य को कोई सुझाव देंगे,

**मीन**- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आप अपने कामों को मौज-मस्ती के मूड में करेंगे।

# महाराष्ट्र की कोई योजना बंद नहीं होगी

## > मंत्री उदय सामंत ने किया बड़ा दावा

**मुंबई.**



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्ववाली महायुति सरकार में सब कुछ ठीक नहीं होने की अफवाह बार-बार उठ रही है। ऐसा दावा किया जाता है कि सरकार में सीएम देवेंद्र और उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के संबंध सहज नहीं हैं। सीएम नहीं बनाए जाने से एकनाथ शिंदे नाराज हैं तो वहीं बीजेपी उन्हें मनाने के बजाय बार-बार उन्हें नीचा दिखाने का प्रयास कर रही है। इसलिए अब शिंदे के मुख्यमंत्री रहने के दौरान जनहित में शुरू की गई योजनाओं को बीजेपी के नेता व सीएम फडणवीस बंद कर रहे हैं। लेकिन महायुति में मतभेद होने की खबरों को खारिज करते हुए शिवसेना के नेता व मंत्री उदय सामंत ने कहा है कि महायुति को कोई भी जनकल्याणकारी योजना बंद नहीं की गई है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री रहने के दौरान शुरू की गई कई योजनाओं पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। इसलिए शिंदे के कार्यकाल में शुरू की गई 'मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना को बंद किए जाने की तैयारी चल रही है, ऐसी चर्चा बीते दो दिनों से महाराष्ट्र के सियासी गलियारों में चल रही है। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की पार्टी के नेता व रत्नागिरी जिले के पालक मंत्री उदय सामंत ने इन खबरों को अफवाह बताया है। सामंत ने सोमवार को कहा कि रत्नागिरी के जिला कलेक्टर ने रविवार को ही मुझे मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना की अयोध्या से संबंधित फाइल भेजी थी और मैंने उसे मंजूरी दे दी है।

उस वजह से आवेदनों की जांच नहीं हो पाई थी। लेकिन योजना की निर्धारित शर्तों के अनुरूप अब जिनके पास चार पहिया वाहन हैं और जिनकी आय 2.5 लाख रुपए से अधिक है, उन्हें जांच के बाद योजना से निकाला जा रहा है। लेकिन यह योजना सामान्य परिवार की पात्र बहनों के लिए जारी रहेगी। इस बीच मंत्री सामंत ने उद्योग विभाग के प्रधान सचिव और एमआईडीसी के सीईओ को फटकार लगाते हुए एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्हें निर्देश दिया गया है कि मेरे विभाग से संबंधित मसलों पर परस्पर निर्णय न लें। बल्कि मुझे जानकारी देने के बाद ही कदम आगे बढ़ाएं, ऐसा कहते हुए उन्होंने अपनी नाराजगी की खबरों को भी खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा है मंत्री के तौर पर विभाग से अपनी अपेक्षाएं बताने का मतलब यह नहीं है कि मैं नाराज हूं।

### 'लाडली बहन' पर भी बड़ा बयान

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के नरिमन प्वाइंट स्थित कार्यालय 'बालासाहब भवन' में मंत्री उदय सामंत ने महायुति सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिण' योजना के संबंध में भी बड़ा बयान दिया। लाडली बहन के खिलाफ भी इसी तरह की अफवाह फैलाई जा रही है। जबकि लाडली बहन योजना लागू होने के तुरंत बाद आचार संहिता लग गई थी।

# तानाजी सावंत का बेटा पुणे एयरपोर्ट से हुआ लापता

## > पुलिस ने अपहरण का मामला किया दर्ज

**पुणे.**

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री तानाजी सावंत के बेटे के सोमवार शाम पुणे एयरपोर्ट से लापता होने के बाद पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज करते हुए जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दिया। तानाजी सावंत ने अपने बेटे के लापता होने की खबर पुलिस को दी थी। वहीं, पुलिस ने कहा कि पुणे पुलिस नियंत्रण कक्ष को शाम 4 बजे एक फोन आया जिसमें दावा किया गया कि 32 वर्षीय ऋषिराज सावंत का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया है। जिसके बाद पुलिस ने ऋषिराज को बैंकॉक में ट्रैक किया और उसे वापस ले आई है। महाराष्ट्र में सोमवार शाम को अजीब वाक्या हुआ। पुणे से बैंकॉक जा रहे एक चार्टर्ड विमान को इमरजेंसी में वापस बुला लिया गया। इस विमान में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और शिवसेना नेता तानाजी सावंत के बेटे ऋषिराज (29) सवार थे। यह घटना सोमवार देर रात की है। पुणे पुलिस ने पायलट से संपर्क करके विमान को वापस बुलाया। पुलिस ने बताया कि ऋषिराज के 'लापता' होने की सूचना मिली और बाद में पुलिस को उसके किडनैप होने का कॉल आया। पुलिस ने आनन-फानन में एक्शन लेते हुए उसे वापस बुला लिया है। प्राइवेट जेट जब अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पास हवा में था, तभी उसे वापस लौटने का निर्देश दिया गया। तानाजी सावंत के दो बेटे हैं, जिनमें से ऋषिराज छोटा है। पुलिस ने घटनाक्रम की जांच की तो पता चला कि जेट पुणे से शाम 4 बजे के बाद उड़ान भर चुका था। यह जानकारी सावंत के बताई गई घटनाओं के क्रम से मिली।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, पुलिस ने कहा, 'शिकायत मिलने के बाद हमने अपहरण का मामला दर्ज किया और अब इसकी जांच क्राइम ब्रांच के अधिकारी कर रहे हैं।

## सुविचार

धर्म कोई भी हो बस कर्म अच्छे होना चाहिए.

## संपादकीय

# शांति की आशा

❍ आखिरकार मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अगर यही काम वह पहले करते तो हो सकता है उन्हें जिम्मेदारी समझने और उसे स्वीकार करने का थोड़ा-बहुत श्रेय मिलता। लेकिन जिन हालात में यह इस्तीफा हुआ है, उसमें ऐसी कोई गुंजाइश नहीं रह गई है। बहरहाल, सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या अब प्रदेश में अमन-चैन और आपसी भाईचारा स्थापित हो सकेगा।यह इस्तीफा आगे के लिए एक उम्मीद दिखाता है। लेकिन प्रदेश की मैतेई और कुकी आबादी के बीच संदेह और अविश्वास की खाई जितनी चौड़ी हो गई है, उसे देखते हुए तत्काल सुलह-समझौते का कोई फॉर्म्युला निकलने की संभावना नहीं दिखती। जहां कुकी समुदाय की ओर से अपने लिए अलग प्रदेश की मांग उठी है, वहीं मैतेई समुदाय राज्य के किसी भी विभाजन के सख्त खिलाफ है। बीच की कोई राह कैसे और कब तक निकलती है, यह एक अलग मसला है, मगर फिलहाल चुनौती तब तक शांति-व्यवस्था बनाए रखने की है। कुकी और मैतेई दोनों तरफ के गिरोहों ने सुरक्षा बलों के हथियार लूटे हैं। जब तक ये हथियार वापस नहीं लिए जाते, तब तक शांति की संभावना भी दूर की कौड़ी रहेगी। लेकिन पुलिस और सुरक्षा बलों पर पक्षपात के आरोप दोनों ही तरफ के लोग लगाते रहे हैं। जाहिर है, लूटे गए हथियारों की जब्ती तो होनी ही चाहिए, इसके साथ-साथ पुलिस और सरक्षा बलों की विश्वसनीयता बढ़ाने पर भी काम करना होगा। फिलहाल सभी पक्षों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राज्य में सत्ता की बागडोर किसके हाथों में जाती है। उनकी जगह लेने वाले नेता की छवि और विश्वसनीयता पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। लेकिन चूंकि राज्यपाल ने विधानसभा का बजट सत्र बुलाए जाने का फैसला रद्द कर दिया है। इसलिए संभावित अविश्वास प्रस्ताव की बात भी टल गई है। ऐसे में देखना यह भी होगा कि क्या केंद्र यहां राष्ट्रपति शासन लागू करने का फैसला करता है। चूंकि राज्य में विधानसभा चुनाव एक साल के अंदर ही होने हैं, इसलिए चुनावी समीकरणों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसे माहौल में तनाव कम करके शांति-सौहार्द कायम करना खासा मुश्किल हो जाता है। फिर भी बीरेन सिंह के इस्तीफे ने एक अच्छा मौका तो दिया ही है।

# महाकुंभ: सांप्रदायिक झगड़े से ज़्यादा आस्था का विषय

इंशा वारसी
फ्रेंकोफोन और पत्रकारिता अध्ययन, जामिया मिलिया इस्लामिया



❐ विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक समागम, महाकुंभ मेला, आध्यात्मिकता, आस्था और सांस्कृतिक विरासत का एक शानदार उत्सव है। पवित्र गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम स्थल प्रयागराज में हर बारह साल में एक बार आयोजित होने वाला यह आयोजन भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और संगठनात्मक कौशल का सम्मान है। इस पवित्र अवसर को सांप्रदायिक रंग देकर राजनीतिकरण करने की कोशिश करने वाले कथानक को जारी रखना भ्रामक और हानिकारक है। महाकुंभ मूल रूप से आस्था से जुड़ा है। कुंभ मेला, जो चार अलग-अलग स्थानों- प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में अमृत की बूंदों के आकस्मिक छलकने की किंवदंती पर आधारित है, हिंदुओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। माना जाता है कि मेले के दौरान पवित्र नदियों में स्नान करने से पाप धुल जाते हैं और भक्त जन्म-मृत्यु के चक्र से मुक्त हो जाते हैं। अपने आध्यात्मिक महत्व के अलावा, यह मेला एक सांस्कृतिक चमत्कार है, जो दुनिया को भारतीय परंपराओं, कला, वाणिज्य और शिक्षा का प्रदर्शन करता है। यूनेस्को के तहत अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा के लिए अंतर-सरकारी समिति ने 2017 में दक्षिण कोरिया के जेजू में आयोजित अपने 12वें सत्र के दौरान मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में 'कुंभ मेला' को अंकित किया है। महाकुंभ एक सामाजिक अनुष्ठान और उत्सव है जो भारत की अपनी इतिहास और स्मृति की धारणा से निकटता से जुड़ा हुआ है। यह विभिन्न धर्मों के अनुयायियों द्वारा एक चमत्कार के रूप में सम्मान किया जाता है, जो एक विशेष स्थान पर लाखों लोगों की वर्गहीन और जातिविहीन सामाजिक सभा को प्रदर्शित करता है। हाल के आरोप कि मुसलमानों को महाकुंभ में प्रवेश करने से रोक दिया गया है, निराधार हैं और उन लोगों द्वारा प्रेरित हैं जो तुच्छ लाभ के लिए विभाजन बोना चाहते हैं।

इस आयोजन को राजनीतिक या सांप्रदायिक बनाने की कोशिशें न केवल निराधार हैं, बल्कि भारत की समावेशी भावना का अपमान भी हैं। इसके अलावा, हज यात्रा से इसकी तुलना करना भी शिक्षाप्रद है। हज, मुसलमानों के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जो केवल मुसलमानों के लिए खुला है, और इस धार्मिक विशिष्टता का दुनिया भर में सम्मान किया जाता है। हालाँकि, महाकुंभ में कोई अपवाद नहीं है और मुसलमानों का भी इस आयोजन में उतना ही स्वागत है जितना किसी अन्य हिंदू का। और इस समावेशिता का सम्मान कुछ आवश्यक परंपराओं का पालन करके किया जाना चाहिए। छिटपुट घटनाओं को बहुसंख्यकों के विचारों के रूप में उद्धृत करना केवल दिखावा है। महाकुंभ में 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है, जिससे इसका प्रबंधन एक बहुत बड़ा काम बन जाता है। इतने बड़े आयोजन के सुचारू संचालन के लिए सावधानीपूर्वक तैयारी, असाधारण कार्य और कई सरकारी एजेंसियों, स्थानीय अधिकारियों और स्वयंसेवकों के बीच समन्वय आवश्यक है। सरकार ने सार्वजनिक सुविधाओं के साथ एक टेंट सिटी स्थापित करने से लेकर सुरक्षा बनाए रखने और रसद संभालने तक हर चीज में उल्लेखनीय संगठनात्मक कौशल दिखाया है। चीजों को परिप्रेक्ष्य में रखें तो, हज यात्रा का आयोजन, जिसमें लगभग 40 लाख मुसलमान शामिल होते हैं, एक कठिन काम है।

कल्पना कीजिए कि महाकुंभ में सौ गुना बड़ी भीड़ की देखरेख की जाए। इस आयोजन का सुचारू संचालन और अपेक्षित विजयी समापन, विश्व मंच पर भारत की संभावित नेतृत्व स्थिति को उजागर करता है, जो न केवल हिंदुओं के लिए बल्कि सभी भारतीयों के लिए गर्व का विषय है। महाकुंभ समुदाय, संस्कृति और धर्म का सम्मान करने वाला एक उत्सव है। यह विभाजनकारी प्रवचन या राजनीतिक एजेंडे के लिए मंच नहीं है। भारतीय नागरिकों के रूप में, हमें इस आयोजन के दोषरहित निष्पादन पर गर्व होना चाहिए, जो भारत की प्रशासनिक और सांस्कृतिक शक्ति को दर्शाता है। निराधार गपशप और ध्रुवीकरण प्रचार के आगे झुकने के बजाय, आइए हम महाकुंभ के वास्तविक अर्थ पर ध्यान केंद्रित करें, जो आध्यात्मिकता और पारस्परिक संबंधों का उत्सव है। यह एकजुटता, आत्मनिरीक्षण और हमारे साझा इतिहास पर गर्व करने का अवसर है। आइए हम सुनिश्चित करें कि इस आयोजन की पवित्रता बरकरार रहे और यह दुनिया भर के लोगों में आश्चर्य और विस्मय पैदा करता रहे। भारत ने एक बार फिर दिखाया है कि उसके पास इतनी बड़ी भीड़ को संभालने के लिए संगठनात्मक कौशल और नेतृत्व के गुण हैं। एक सुसंगत राष्ट्र के रूप में, आइए हम इस अद्भुत उपलब्धि का जश्न मनाएं और साथ ही शांति और एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना को बनाए रखें जो हमारे बहुसांस्कृतिक देश की विशेषता है।

## वास्तुशास्त्र

# किस दिशा में नहीं होना चाहिए किचन

❍ कभी- कभी ऐसा होता है कि अच्छी डाइट लेने के बाद भी लोग बीमार पड़ जाते हैं या फिर अपने ही घर का खाना लोगों को अच्छा नहीं लगता। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के खाने के साथ भी एक ऊर्जा जुड़ी होती है। इस ऊर्जा का हमारे तन-मन पर प्रभाव पड़ता है। जैसे, वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर आपके घर विशेषकर किचन में नकारात्मक ऊर्जा है, तो इसका प्रभाव आपके खाने पर भी पड़ता है। किचन में वास्तु दोष होने से लोग बीमार पड़ने लगते हैं या फिर खाना खाने के बाद उनकी मनोस्थिति सही नहीं रहती। ऐसे में आपको किचन से जुड़े वास्तु नियम जरूर जान लेने चाहिए। आइए, विस्तार से जानते हैं कि आपका किचन किस दिशा में होना चाहिए। वास्तु शास्त्र के अनुसार आग्नेय कोण को रसोईघर के लिए सबसे शुभ माना जाता है। घर की पूर्व और दक्षिण दिशा के बीच के क्षेत्र को आग्नेय कोण कहते हैं। यह दिशा अग्नि तत्व से जुड़ी हुई है। आग्नेय कोण को अग्नि कोण भी कहा जाता है। अग्नि कोण के स्वामी शुक्र ग्रह हैं। इस दिशा में रसोईघर होने से घर में सुख-समृद्धि तो बनी ही रहती है। साथ ही घर के लोग भी सेहतमंद रहते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ दिशाओं को किचन बनाने के लिए उपयुक्त नहीं माना जाता। जैसे, उत्तर या ईशान कोण में बना किचन गंभीर रोग का कारण बन सकता है, इसलिए अपने घर में रसोईघर को भूलकर भी दक्षिण-पश्चिम दिशा में न बनाएं। इसके अलावा पश्चिम दिशा को भी किचन बनाने के लिए सही नहीं माना जाता है।

वास्तु शास्त्र के अनुसार अगर आप घर की पश्चिम दिशा में किचन बनाते हैं, तो इससे गृह क्लेश की संभावना बढ़ जाती है। आपके रसोईघर अगर गलत दिशा में बन गया है, तो तोड़-फोड़ करने से अच्छा है कि आप किचन में कुछ ऐसे उपाय करें, जिससे कि किचन की ऊर्जा सकारात्मक बनी रह सके। इसके लिए सबसे पहले किचन में सुबह और शाम लोबान का धुआं फैलाएं। इसके अलावा किचन में उत्तर-पूर्व दिशा में सिंदूरी गणेश जी की तस्वीर लगाएं।

## लोककथा

सुषमा गुप्ता

# चतुर गवैया

❍ बहुत पुरानी बात है कि इथियोपिया के एक गाँव में एक गवैया रहता था। किसी शादी के मौके पर या फिर किसी इज़्ज़तदार मेहमान के आने पर उसको वहाँ गाने के लिये बुलाया जाता था। उससे उसको जो पैसे मिल जाते थे उसी से वह अपना गुजारा करता था। एक बार कुछ ऐसा हुआ कि उसके पास ऐसे बहुत सारे मौके आये जब उसको कई जगह गाने के लिये बुलाया गया और उसको बहुत सारी आमदनी हुई। एक दिन उसने सोचा कि इतना सारा सोना घर में रखना ठीक नहीं है इसलिये इसको जमीन में कहीं गाड़ देना चाहिए। उसने एक थैले में अपना सारा सोना रखा और रात के समय उसको अपने घर के पीछे वाले बागीचे में गाड़ आया। गवैये का पड़ोसी यह जानता था कि इस गवैये के पास बहुत सोना है इसलिए वह हमेशा उसकी चौकीदारी करता रहता था। उसने गवैये को अपना सोने का थैला गाड़ते हुए भी देख लिया था। जब गवैया रात को अपने बागीचे में गया था तो उसके पड़ोसी ने सोचा कि जरूर ही वह अपना सोना गाड़ने गया होगा क्योंकि इसी लिये तो वह वहाँ रात को गया था।काफी रात बीत जाने के बाद वह पड़ोसी गवैये के बागीचे में दबे पाँव चुपचाप गया और बिना कोई आवाज किये वह जगह खोद कर उसके सोने का थैला निकाल लिया।उसने थैला खोल कर देखा तो उस थैले में तो सचमुच ही सोना भरा था। वह बहुत खुश हुआ और उस जगह को पहले जैसा बना कर वह जिस तरह दबे पाँव वहाँ गया था उसी तरह दबे पाँव वह उस सोने के थैले को ले कर वापस अपने घर लौट आया।कुछ ही दिनों में गवैये को पता चल गया कि किसी ने उसका सोना भरा थैला चुरा लिया है। उसने कई बार अपने पड़ोसी को अपनी चौकीदारी करते हुए देखा था इसलिये उसका पहला शक अपने पड़ोसी पर ही गया।

अब वह अपना सोना उससे कैसे वापस ले वह यही सोचने लगा। तुरन्त ही उसके दिमाग में एक तरकीब आ गयी और वह उठ कर अपने पड़ोसी के घर पहुंचा। उसने अपने पड़ोसी से कहा दोस्त, मैं तुमसे एक सलाह माँगने आया हूं। मेरे पास एक थैला सोना था जो मैंने अपने पीछे वाले बागीचे में गाड़ दिया था पर अब मेरे पास एक थैला सोना और जमा हो गया है। इस सोने को अब मैं कहाँ रखूं?"पड़ोसी यह सुन कर बहुत खुश हुआ कि अब उसे एक थैला सोना हड़पने का मौका और मिलेगा इसलिए वह तुरन्त ही बोला -इसमें सोचने की क्या बात है, वहीं गाड़ दो जहाँ पहले गाड़ा था।" धन्यवाद दोस्त, तुम्हारी सलाह के लिये बहुत बहुत धन्यवाद। कह कर वह गवैया वहाँ से अपने घर चला आया। गवैये के जाते ही पड़ोसी के दिमाग में यह बात आयी कि अगर यह गवैया मेरी बात मान कर अपना सोने का थैला उसी जगह गाड़ने गया तो यह भेद खुल जायेगा कि किसी ने उसका पहला वाला थैला चुरा लिया है और फिर शायद यह अपना दूसरा थैला वहाँ न गाड़े इसलिये मुझे इसका पुराना वाला थैला पहले से ही वहीं गाड़ देना चाहिये। गवैया होशियार था। वह उस रात सोया ही नहीं था क्योंकि उसकी तरकीब के अनुसार पड़ोसी को वहाँ पुराना वाला सोने का थैला गाड़ने आना चाहिये था, और गवैये ने देखा कि वह वहाँ आया और उसका पुराना वाला थैला गाड़ कर चला गया।

## व्यंग्य

राकेश अचल

# हम न हुए आफ एयर

❍ आजकल आफ एयर का बड़ा हल्ला है भाई, जिसे देखो सो आफ एयर के पीछे पड़ा है. हमारे फन्ने खान को भी आजकल आफ एयर की बड़ी फ़िक्र है. कल बाजार में मिले तो बिना किसी भूमिका के बोले-पंडित जी ये आफ एयर के खिलाफ कुछ लिखिए ना? मैंने हैरानी से फन्ने की और देखा और जिज्ञासा से पूछा-"ये क्या बला है भला? "लो कर लो बात इत्ता भी नहीं जानते और बने फिरते हैं पंडत? हमने बिना झुंझलाये कहा-सच फन्ने अपने राम को कुछ पता नहीं इस बाबद. फन्ने मुस्कराये और बोले-ज्यादा पता तो इस नाचीज को पता नहीं है लेकिन इत्ता जानते हैं की ये कुछ गर्मागर्म चीज है. पूरा देश इसके मारे परेशान है हमने पूछा-क्या एयरफोर्स से जुड़ा कोई मामला है? वे बोले -मुमकिन है और नहीं भी लेकिन सरकार का हुक्म हुआ है की किसी को आफ एयर कर दिया जाये, और इसी फरमान के खलाफ लोग आसमान सर पर उठाये घूम रह हैं. अरे यार इसमें आसमाना सर पर उठाने की क्या बात है, सरकार जो चाहे सो करे वो सरकार है "हमने बिना जाने समझे अपना ज्ञान बघार दिया. फन्ने बोले-क्याअबक्ते हो भाई, ऐसा कहीं होता है, किसी की एयर का सवाल है और आप? मैंने कहा -देखिये मिया सर्कार जो करती है, हमेशा फेयर करती है, इसलिए मुझे तो आफ एयर मामले में कुछ कहना नहीं है. फन्ने मेरी बात सुनकर हत्थे से उखड़ गए. कहने लगे -लोग कह रहे हैं की आफ एयर होना खतरनाक है, आपातकाल जैसा खतरनाक गला घौंटने जैसा है "फन्ने के चेहरे पर विस्मय का भाव साफ़ तैर रहा था. मैंने कहा -यार खामखां दर रहे हो, दूध का जला भी छांछ फूक-फूक कर पीता है, फिर ये सरकार तो आपातकाल की भुगतभोगी है, ये ऐसी गलती क्यों करने लगी? हमारी बातचीत में एक तीसरे साहब कूद पड़े, उन्हें हम जानते भी नहीं थे, बोले-भाई साहब एयर जब आफ हो जाएगी तब उसमें बचेगा क्या? हमने कहा -राजा हवा कोई निचोड़ी थोड़े ही जाती है, उसे तो आप और हम ही प्रदूषित कर रहे हैं, ऐसी एयर का आफ हो जाना ही ठीक है. हमारी बात सुनकर तीसरे साहब भड़क गए. बोले-आप राष्ट्रद्रोही हैं, काफ़िर हैं, देश द्रोहियों से मिले हुए हैं. तीसरे के आरोप सुनकर हमें ज्यादा बुरा नहीं लगा, क्योंकि हमें तो ऐसे आरोप सुनने की आदत पड़ गयी है. हम सीधे चलें या उलटे हम पर तोहमत तो लगना ही है. यानि जाहि विधि राखे राम, ताहि विधि रहिये हमने फन्ने से कहा देखो यार जब सरकार है तो उसको भी करने के लिए कुछ चाहिए .कभी आफ एयर करेगी तो कभी आन एयर करने का हक उसी के पास सुरक्षित है. जिसे एयर के आफ और आन से बचना है वो इस पचड़े में पड़े ही ना? फन्ने बोले- पंडत जी! वैसे जो होता है सो अच्छा ही होता है एयर आफ हो या न लेकिन होती रहे. बिना हवा के केंद्र में रहे जीवन चलने वाला नहीं है .सरकार तो अच्छे -अच्छों की हवा खराब कर सकती है. हवा चला सकती है हवा रोक सकती है. हवा खिला सकती है, हवा निकल सकती है. सर्कार तो सरकार है ,उस पर पर पाना हर किसी के बस की बात नहीं है.

## इतिहास

# भारत में मुगलकालीन सबसे पुरानी मस्जिद...



चेरामन जुमा मस्जिद, केरल

चेरामन जुमा मस्जिद, केरल कोडंगलूर तालुक के मेथला गांव में स्थित है. चेरामन जुमा मस्जिद भारत की प्रथम जुमा मस्जिद है। दंतकथाओं के अनुसार चेरामन पेरुमल एक बार अरब की तीर्थ यात्रा पर गए जहां जेद्दा में उनकी मुलाकात धर्म प्रचारक से हुई। उसके बाद चेरामन ने इस्लाम धर्म ग्रहण कर लिया और अपना नाम तजुद्दीन रख लिया। उनकी शादी जेद्दा के तत्कालीन राजा की बहन से हुई और वे यहां बस गए। अपनी मृत्यु से पुर्व उन्होंने जेद्दा के राजा को केरल के शासकों के नाम कुछ पत्र दिए जिसमें केरल में इस्लाम के प्रचार में सहायता करने का अनुरोध किया गया था।जेद्दा के राजा केरल आए और कोडुंगलूर के राजा से मिले और उन्होंने कोडुंगलूर के राजा को एक मस्जिद बनाने में सहायता की। इस मस्जिद का आकार और निर्माण हिंदुओं ने हिंदू कला और वास्तुशिल्प के आधार पर किया था। मस्जिद के साथ तीन महान इस्लाम धर्म अनुयायियों की कब्रें हैं तथा भारत की पहली और विश्व की दूसरी ऐसी जगह है जहां जुमा नमाज शुरू हुई थी। चेरामन जुमा मस्जिद का निर्माण पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब के जीबनकाल में हुआ था और अरब के बहार बनने वाली विश्व की प्रथम मस्जिद थी। जब अरब के मुसलमानों का व्यापार की दृष्टि से भारत के दक्षिणी तट पर आगमन हुआ तो उस समय मुस्लिम धर्म प्रचारक दबान दीमार सहाब ने केरल के तटीय इलाको में कई मस्जिदो के निर्माण कराया।

## कहानी

प्रदीप कुमार साह

# मरी हुई आत्मा

❍ बदलू रोज की तरह काम की तलाश में आज भी अपने नजदीकी शहर जा रहा था. वह दिहाड़ी मजदूर है, इसलिये रोज शहर जाने पर भी उसे कभी काम मिलता है और कभी नहीं. एक तो काम का कम पारिश्रमिक, दूसरा काम का अनियमित रूप में मिलना, मंहगाई का दौर सो अलग ही! काम नहीं मिलने की दशा में उसे जमा-पूँजी से ही घर खर्च चलाना होता है. इन सभी वजह से वह काम की तलाश में रोज पैदल ही शहर आता-जाता है. इस तरह सही समय पर शहर पहुंचने हेतु वह बहुत सुबह-जब अँधेरा ही रहता है, घर से निकलता है और जब तक वापस घर पहुँचता है, रात हो चुकी होती है. आज भी वह बहुत सुबह ही घर से निकला. वह समय सुबह होने से पहले का घुप अँधेरा था.

वह सड़क के किनारे-किनारे शहर की ओर बढ़ता चला जा रहा था. तभी पीछे से एक अनियंत्रित ट्रक नितांत सुनसान सड़क पर उसे रौंदता हुआ निकल गया. उसके शरीर के चीथड़े-चीथड़े हो गये. वह नजारा देखते हुये उसे अपनी आँखों का विश्वास ही नहीं हुआ. वह बदहवास सा भागता-भागता वापस घर पहुँचा. उसके आगमन से अनभिज्ञ उसकी पत्नी जल्दी-जल्दी से गृह कार्य निपटाने में लगी हुई थी ताकि मालकिन के घर झाड़ू-पोंछा लगाने समय से जा सके. उसने पत्नी को आवाज लगाया. किंतु काम में निमग्नता की वजह से शायद उसे कोई आवाज सुनाई न दिया. उसने दुबारा और पुनः-पुनः आवाज लगाया, किंतु वह अपने काम में ही व्यस्त रही. अब बदलू को क्रोध आ गया. उसने क्रोध में पत्नी को धक्का दिया. किंतु वह क्या, वह अचानक से इतना भारी-भड़कम कैसे हो गई कि उसके धक्का देने पर अपनी जगह से वह थोड़ा सा भी हिला तक नहीं? आश्चर्य की बात तो यह थी कि उसे किसी के छूने का अहसास तक नहीं हुये.थक-हार कर उसने अपने लड़के को आवाज लगाई. किंतु अंततः वह समझ नहीं पा रहा था कि आचानक से सभी उससे अनभिज्ञ किस तरह हो गये अथवा उसे नजर-अंदाज क्यों करने लगे?

अब वह घर के एक कोने में खड़ा रहकर अपना चित्त स्थिर करने का प्रयत्न करने लगा. वैसे बदलू का ईश्वर सत्ता और मानवता में विश्वास है. बेहद गरीब होने के बावजूद उसके सभी आचरण एक उत्तम धर्म-निष्ठ व्यक्ति की है. किंतु वह स्वयं को आस्तिक नहीं मानता, क्योंकि वह भूत-प्रेत के अस्तित्व में विश्वास नहीं करता. और भी कि वह किसी पंथ, सम्प्रदाय और धर्म के नाम पर लड़ाईयाँ बिलकुल भी नहीं लड़ता जो कि एक सच्चे आस्तिक का परम् गुण-धर्म है. इसीलिये अपनी कमी को स्वीकारते हुये वह स्वेच्छा से स्वयं को परम् नास्तिक मानता है. किंतु पता नहीं क्यों उसे अभी भूत-प्रेत के अस्तित्व में विश्वास होने लगा है?

## कविता

# सोच-सोचकर हैरान हैं...

सोच सोचकर हम हैरान हैं
हम क्यों इतने परेशान हैं
बहुत अजीब है आपकी बस्ती
इनसान कम ज्यादा शैतान हैं
अपने घर अपनी ही बस्ती में
हम हो गए जैसे मेहमान हैं
वक्त कैसा आ गया मेरे दोस्त
जीना मुश्किल मरना आसान है
दुआ देकर वापस चले जाएंगे
हम तो कुछ दिनों के मेहमान हैं

– रजत शाह

क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

❐ दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्पररी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम




मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है बढ़ कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने जड़ की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।

सास (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080

**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

# घुग्घुस शहर के विकास के लिए ठोस कदम उठाएं: विधायक जोरगेवार

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

> जिलाधिकारी कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



विकास की दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है। घुग्घुस शहर और उसके आसपास के समग्र विकास के लिए कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। नागरिक सुविधाओं , स्वच्छता , जलापूर्ति , खेल परिसर और पुनर्वास योजनाओं पर ठोस निर्णय लेने और उन्हें तुरंत लागू करने की आवश्यकता है। अगर आपको फंड की जरूरत है तो सरकार को प्रस्ताव भेजें , हम उसका पालन करेंगे । घुग्घुस जैसे बढ़ते शहरों के लिए योजनाबद्ध विकास महत्वपूर्ण है , और विधायक किशोर जोरगेवार ने ऐसी योजना बनाने का सुझाव दिया है।

चंद्रपुर शहर और घुग्घुस क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में अमृत 2.0 के तहत चल रही विकास परियोजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई । साथ ही शहर में साफ-सफाई , घुग्घुस नगर परिषद की लंबित परियोजनाएं, क्रीड़ा संकुल निर्माण के लिए आवश्यक भूमि की उपलब्धता के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।

इस बैठक में जिलाधिकारी विनय गौड़ा , उपविभागीय अधिकारी संजय पवार, तहसीलदार विजय पवार , घुग्घुस नगर परिषद के मुख्य अधिकारी राजनकर, नायब तहसीलदार राजू धांडे, खेल अधिकारी के साथ-साथ अन्य संबंधित अधिकारी और भाजपा नेता मनोज पाल, दशरथ सिंह ठाकुर, संतोष नुने, संजय तिवारी, राजकुमार गोडचेवार, श्याम अगदारी, इंस्पिरा ताड्रा, साजन गोहाने, सोनल भरतकर, स्वप्निल वधई, विजय सिंह, मयूर कलवाल, राजेश मोरपका, विशाल दामिर उपस्थित थे।

बैठक में घुग्घुस नगर परिषद के विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। तालुका खेल परिसर के निर्माण के लिए 25 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की गई। इस बात पर भी जोर दिया गया कि नगर परिषद की सीमा के भीतर सरकारी भूमि का उपयोग जलापूर्ति परियोजनाओं और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए किया जाना चाहिए । विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा कि वे भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों के लिए पुनर्वास उपायों पर चर्चा करेंगे तथा इसके लिए आवश्यक धनराशि प्राप्त करने के लिए कार्रवाई करेंगे।

नगर परिषद भवन के लिए धन उपलब्ध कराने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। विधायक किशोर जोरगेवार ने निर्देश दिया कि घुग्घुस में एसडब्लूएम क्षेत्र की सफाई के लिए आवश्यक निधि प्राप्त करने के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा जाए ।

इसके अलावा , इस बैठक में सर्वेक्षण संख्या 318 पर मोचन का अधिकार प्राप्त करने की प्रक्रिया पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान सामाजिक उत्तरदायित्व निधि के तहत धूल चूषण मशीनें उपलब्ध कराने का प्रयास करने का निर्णय लिया गया। बैठक में 15वें वित्त आयोग के तहत जिला परिषद के पास उपलब्ध 1.15 करोड़ रुपये की धनराशि के विनियोजन पर चर्चा हुई।

विधायक किशोर जोरगेवार ने विकास कार्यों के लिए इसका उपयोग करने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए। अल्पसंख्यक विभाग द्वारा स्वीकृत 25 लाख निधि के उपयोग के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई है , और विधायक किशोर जोरगेवार ने जहां भी आवश्यक हो, इस निधि का उपयोग करने का सुझाव दिया है।

इस अवसर पर विधायक जोरगेवार ने कहा कि , विकास कार्यों को समय पर पूरा करने के लिए स्थानीय प्रशासन को अधिक जिम्मेदारी से काम करने की आवश्यकता है। लंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए हम सरकार से आवश्यक निधि प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं। नागरिकों की सुविधा के लिए शहर की स्वच्छता और सार्वजनिक स्वास्थ्य के संदर्भ में महत्वपूर्ण परियोजनाओं को जल्द से जल्द लागू किया जाएगा। इस बैठक के माध्यम से शहर के समग्र विकास को गति मिलेगी।

घुग्घुस जैसे बढ़ते शहरों के लिए योजनाबद्ध विकास महत्वपूर्ण है। खेल परिसरों के लिए जगह उपलब्ध कराना , स्वच्छता के लिए आवश्यक तंत्र स्थापित करना और नगर परिषद भवन के लिए निधि प्राप्त करना प्राथमिकता के मुद्दे हैं। विधायक किशोर जोरगेवार ने सुझाव दिया कि नागरिकों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रशासन को अधिक जिम्मेदारी से काम करना चाहिए।

## लोकसभा क्षेत्र में रेल सेवाएं मजबूत हों : सांसद धानोरकर

> केंद्रीय रेल मंत्री से की मुलाकात



**चंद्रपुर.**

संसद का बजट सत्र अभी चल रहा है और सांसद प्रतिभा धानोरकर चंद्रपुर-वणी-आर्णी लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए कड़ी मेहनत करती नजर आ रही हैं। लोकसभा क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं को लेकर उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और चंद्रपुर-वनी-आर्णी लोकसभा क्षेत्र में रेलवे सुविधाओं को मजबूत करने की मांग की।

सांसद प्रतिभा धानोरकर चंद्रपुर-वणी-आरणी लोकसभा क्षेत्र में हर विभाग के विकास कार्य में अग्रणी नजर आती हैं। 10 फरवरी को उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर विभिन्न मांगों पर चर्चा की थी। इसमें उन्होंने मुख्य रूप से अनुरोध किया कि बल्लारपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस तक चलने वाली ट्रेन को सप्ताह के सभी दिन चलाया जाए। उन्होंने काजीपेट-पुणे ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन चलाने पर भी चर्चा की। सांसद प्रतिभा धानोरकर ने चंद्रपुर-पुणे और चंद्रपुर-मुंबई मार्गों पर वंदे भारत ट्रेनें चलाने का भी अनुरोध किया। इसके साथ ही सांसद धानोरकर ने यह भी अनुरोध किया कि प्रत्येक ट्रेन को इस स्थान पर स्टॉप दिया जाए, क्योंकि चंद्रपुर एक औद्योगिक शहर है और यहां अधिक ट्रेन स्टॉप नहीं हैं। इसके साथ ही उन्होंने मांग की कि कोरोना काल से पहले वरोरा और भद्रावती में रुकने वाली सभी ट्रेनों को फिर से रुकने की अनुमति दी जाए। सांसद धानोरकर ने यह भी अनुरोध किया कि मुंबई-नंदीग्राम एक्सप्रेस को मुकुटबन और लिंगती रेलवे स्टेशनों पर ठहराव दिया जाए तथा मुकुटबन रेलवे स्टेशन पर ट्रेन आरक्षण सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने ज़ारी तालुका के अहेराल्ली गांव के पास अंडरपास की मरम्मत की भी मांग की। सांसद धानोरकर ने विसापुर में रेलवे लाइन पर बने अंडरपास में लाइट की व्यवस्था करने तथा बल्लारपुर रेलवे स्टेशन पर नागरिकों की सुविधा के लिए शुरू की गई बैटरी चालित गाड़ियों को पुनः शुरू करने की मांग भी की। केंद्रीय रेल मंत्री ने इन सभी मांगों के प्रति सकारात्मकता दिखाई है और सांसद प्रतिभा धानोरकर को आश्वासन दिया है कि इस संबंध में जल्द ही निर्णय लिया जाएगा।

## भेंडाला सिंचाई परियोजना के अपशिष्ट जल कार्य का घटिया निर्माण

**राजुरा.**

राजुरा तालुका में भेंडाला मध्यम सिंचाई परियोजना में अपशिष्ट जल और अन्य कार्य चल रहे हैं। इस कार्य में मिट्टी के साथ रेत का उपयोग किया जा रहा है, जिससे इस सिंचाई परियोजना की मजबूती प्रभावित होगी। इस संबंध में भेंडाला ग्राम पंचायत द्वारा बार-बार शिकायत किए जाने के बाद भी अधिकारियों ने कोई संज्ञान नहीं लिया। भेंडाला और बेरडी के ग्रामीणों ने मांग की है कि राज्य सरकार और वरिष्ठ अधिकारी इन मामलों पर ध्यान दें और निर्माण शुरू करने से पहले रेत और बजरी के नमूनों की तुरंत जांच करें।

भेंडाला परियोजना के क्रियान्वयन के लिए राजुरा तालुका में लगभग 617.17 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई, जो कई वर्षों से रुकी हुई थी। इस परियोजना के तहत उन किसानों को मुआवजा और सहायता प्रदान की गई जो अपना घर या कृषि भूमि खोने के कारण विस्थापित हो गए थे। इसके अलावा, उन्हें मकान के लिए भूखंड उपलब्ध कराकर क्षेत्र का विकास किया गया। इस परियोजना से 15 गांवों की कुल 3130 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचाई के अंतर्गत आ जाएगी, जिससे इस क्षेत्र के किसानों को काफी सुविधा और पुनर्जीवन मिलेगा। हालांकि, इस परियोजना के कार्य को सुदृढ़ बनाने, इसके भविष्य की योजना को सही ढंग से बनाने तथा दीर्घकालीन जलापूर्ति के लिए नियमों के अनुसार निर्माण कार्य करना आवश्यक है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि इस कार्य में वर्तमान में बड़े पैमाने पर धांधली चल रही है और शिकायतों के बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस परियोजना के अपशिष्ट पदार्थ और पत्थर की स्लैब को पिच करने का कार्य चल रहा है। हालांकि, राजस्व विभाग द्वारा नियमानुसार रेत के गड्ढे उपलब्ध कराए जाने के बाद भी, पीसी मशीन का उपयोग कर निकटवर्ती सोंडो झील से मिट्टी मिश्रित रेत निकालकर सीमेंट कंक्रीट बनाने में उपयोग किया जा रहा है। इस स्थान के लिए कोई रॉयल्टी एकत्र नहीं की गई है। इससे बांध के निर्माण की गुणवत्ता को लेकर संशय पैदा हो गया है। भेंडाला के उपसरपंच दीनानाथ वासके ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई और अधिकारियों को सूचित किया, लेकिन आरोप है कि कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहा है।

## चंद्रपुर शहर की दर्दशा करने वाले नगर निगम के 'मालिक' और 'बॉस' के खिलाफ 'जनसंघर्ष' अभियान

**चंद्रपुर.**

100 करोड़ की भूमिगत सीवरेज परियोजना पूरी हो चुकी है, जबकि 450 करोड़ की नई भूमिगत सीवरेज परियोजना के लिए टेंडर जारी किया जाता है। 450 करोड़ के बजट वाली इस परियोजना को 506 करोड़ की दर से पसंदीदा ठेकेदार को दे दिया जाता है।

पहली अमृत परियोजना के ठेकेदार, जिसने कई काम अधूरे छोड़ दिए और अनुबंध का उल्लंघन किया, उसे सभी भुगतान स्वीकृत करके कार्रवाई से छूट दे दी जाती है और शेष काम नगर पालिका अपने पैसे से कराती है। 100 करोड़ की लागत वाली कूड़ा संग्रहण परियोजना को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दिया है, लेकिन टेंडर प्रक्रिया के दौरान गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती।

हमारी शिकायत के बाद, लोकसभा की आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करके जारी किए गए 24 करोड़ रुपये के फव्वारा कार्य, जलापूर्ति के निजीकरण और रामाला झील के सौंदर्यीकरण के टेंडर को रद्द कर दिया गया, लेकिन दोषी अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। चंद्रपुर शहर नगर निगम में कई घोटाले उजागर होने के बावजूद कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है ? क्या जिला प्रशासन या सरकार सो रही है ?

नगर निगम में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ विधानसभा या लोकसभा में कोई भी जनप्रतिनिधि केन्द्र सरकार की अमृत योजना में हुए घोटाले के संबंध में आवाज क्यों नहीं उठा रहा है ? नगर निगम के खजाने को लूटने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सरकार क्यों मजबूर नहीं होती ? ये भी गंभीर प्रश्न हैं।

चंद्रपुर शहर की दुर्दशा के लिए मनपा प्रशासन में बैठे 'बॉस' और इन 'बॉस' को संरक्षण देने वाले सरकारी मंत्री, प्रशासन में बैठे वरिष्ठ अधिकारी और जिले के जनप्रतिनिधि ही जिम्मेदार हैं। ये 'मालिकों के मालिक' हैं। ये न केवल 'मालिकों' की अनदेखी करते हैं बल्कि यह भी सुनिश्चित करते हैं कि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न हो।

जन विकास सेना नगर निगम प्रशासन में बैठे इन 'आकाओं' और उन्हें संरक्षण देने वाले 'आकाओं' के खिलाफ 'जन संघर्ष अभियान' शुरू कर रही है।

मनपा के पूर्व नगरसेवक तथा जन विकास सेना के संस्थापक अध्यक्ष पप्पू देशमुख ने आज आयोजित पत्रकार परिषद में बताया कि यह अभियान कल बुधवार 12 फरवरी 2025 से शुरू किया जाएगा। पत्रकार परिषद में जन विकास सेना के सदस्य घनश्याम येरगुडे, इमदाद शेख, नितिन बनसोड़, कुशाभराव कायारकर, सुभाष पाचभाई, प्रफुल बैरम, अमोल घोड़मारे, आकाश लोडे, गीतेश शेंडे, सतीश घोड़मारे, मनिषाताई बोबड़े, स्नेहल चौथले, अरुणा महाताले, मेघा मगरे, अरुणा मंडाडे उपस्थित थे।

नगर निगम के भ्रष्ट अधिकारियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। नगर निगम प्रशासन ने नगर निगम में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे जन विकास सेना को मंडप और होर्डिंग लगाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान लगाए गए अवैध बैनर के बारे में पूछे जाने पर उपायुक्त खवाले ने विनम्रता से जवाब दिया। भाजपा कार्यकर्ता के नाम पर डमी अनुमति मांगने के बाद संबंधित कर्मचारी बोधनकर और नागोसे ने एक घंटे के भीतर बैनर और मंडप के लिए अनुमति दे दी।

इस संबंध में सबूत और ऑडियो क्लिप देशमुख ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पेश किए। मनपा आयुक्त विपिन पालीवाल ने आंदोलनकारियों के खिलाफ पुलिस में झूठी शिकायत दर्ज कराने की बात तक कह दी है। शासकों के आशीर्वाद से नगर निगम प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी मालामाल हो गए हैं। देशमुख ने चेतावनी दी कि जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को इस बारे में लिखित रूप से अवगत करा दिया गया है और अगर वे कार्रवाई नहीं करते हैं तो जन विकास सेना नगर निगम प्रशासन में वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की प्रतिष्ठा को गिराने का काम करेगी और बड़ा आंदोलन छेड़ेगी।

## 3 साल की बच्ची पर अत्याचार

**चंद्रपुर.**



नाबालिक बालिकाओं पर अत्याचार के मामले सामने आने के साथ चंद्रपुर शहर से सटे पडोली पुलिस स्टेशन अंतर्गत एक अलग की मामला सामने आया है।

जिस में 3 वर्षीय बालिका पर 13 वर्षीय बालक ने अत्याचार किया है। पडोली पुलिस स्टेशन अंतर्गत घुग्घुस पडोली मार्ग के चिंचाळा ग्राम के पास एक ईट भट्टे पर कामगार अपनी पत्नी और 3 वर्षीय बालिका के साथ झोपडी में रहता था। बालिका को झोपडी में सुलाकर ईट बनाने के लिए कामगार अपनी पत्नी के साथ गया था। बच्ची को अकेला देख कर फायदा उठाकर 13 वर्षीय बालक ने बालिका पर अत्याचार किया। बच्ची के रोने की आवाज सुन कर माता पिता ने झोपडी में जाने पर 13 बालक को पकडा है।

माता पिता ने मामले की शिकायत पडोली पुलिस स्टेशन में देने पर पुलिस ने आरोपी बालक के विरोध में धारा 376 (अ) और पोक्सो तहत मामला दर्ज किया है।

## अजयपुर में जिला स्तरीय हाथी रोग उन्मूलन अभियान




**चंद्रपुर.**

> सार्वभौमिक चिकित्सा अभियान का शुभारंभ

सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन चंद्रपुर के सहयोग से 10 से 21 फरवरी 2025 तक हाथीपांव उन्मूलन के लिए एक सार्वभौमिक दवा अभियान लागू किया जाएगा। इस संबंध में, अभियान का शुभारंभ 10 फरवरी को जिला परिषद कार्यालय से किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय अजयपुर में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कटारे द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अजयपुर सरपंच नलू तलांडे ने की, जबकि मुख्य अतिथि विश्व स्वास्थ्य संगठन के राज्य समन्वयक डॉ. समाधान देबाजे, जिला शल्यचिकित्सक डॉ. महादेव चिंचोले, जिला ज्वर अधिकारी डॉ. प्रकाश साठे, हाथी रोग अधिकारी डॉ. प्रतीक बोरकर, तालुका स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुनेश्वर, चिकित्सा अधिकारी डॉ. चौधरी, उपसरपंच बंडू निखाड़े, स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजकुमार सोयाम, प्राचार्य श्रीमती वनकर, जिला समन्वयक राखी झाड़े आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कटारे ने कहा कि स्वास्थ्य तंत्र को इस अभियान के तहत दी जाने वाली गोलियों को सीधे प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाना चाहिए। इसके अलावा, केवल आंकड़ों पर निर्भर रहने के बजाय, 100 प्रतिशत लोगों को व्यक्तिगत रूप से गोलियां दी जानी चाहिए और अभियान को सफल बनाया जाना चाहिए। डॉ. महादेव चिंचोले ने कहा कि सभी पात्र नागरिकों को हाथीपांव रोग को मिटाने के लिए गोलियां लेनी चाहिए। प्रत्येक कर्मचारी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक नागरिक उनकी उपस्थिति में गोलियाँ खाए। तभी यह अभियान सफल होगा। इससे पहले, स्कूल में छात्रों को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा गोलियां खिलाई जाती थीं।

परिचय में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रकाश साठे ने बताया कि 10 तालुकाओं के 1030 गांवों और 92 वार्डों में हाथीपांव उपचार अभियान चलाया जा रहा है और 11 लाख 94 हजार 357 लोगों को गोलियां देने के लिए 1460 टीमें बनाई गई हैं। कार्यक्रम का संचालन नितेश मोगरकर व नागेश सुखदेवे ने किया तथा आभार ज्ञापन तालुका स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुनेश्वर ने विचार किया।



# 9 साल बाद दूसरी शादी को तैयार रश्मि देसाई



रश्मि देसाई टेलीविजन इंडस्ट्री का बड़ा नाम है, उन्होंने कई सारे बेहतरीन सीरियल में भी काम किया है. रश्मि ने साल 2006 में 'रावण' से अपने करियर की शुरुआत की थी, जिसके बाद उन्होंने 'परी हूं मैं', 'उतरन' जैसे सीरियल में काम किया. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लाइफ के दूसरे पहलुओं के बारे में खुलकर बात की. उन्होंने अपनी शादी के बारे में बात करते हुए कहा कि वो मानती हैं कि कोई सही शख्स उनकी जिंदगी में सही वक्त पर आएगा. हालांकि, इसके साथ उन्होंने ये भी माना कि उनके पैरेंट्स उनके लिए जीवनसाथी की तलाश कर रहे हैं.

रश्मि देसाई का नाम कई सितारों के साथ भी जोड़ा गया था, जिसमें से उन्होंने कुछ के लिए हामी भी भरी थी. हालांकि, रश्मि अपनी लव लाइफ को लेकर थोड़ी अनलकी रही हैं. साल 2011 में उन्होंने नंदीश संधू के साथ शादी रचाई थी, हालांकि 4 साल के बाद ही दोनों अलग भी हो गए थे. हाल ही में आईएएनएस से बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने बताया कि उनके माता-पिता जोरों-शोरो से उनके लिए साथी की तलाश में जुटे हुए हैं. एक्ट्रेस ने खुद के बारे में कहा, "मेरे पैरेंट्स पूरी कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सच बताऊ तो मुझे इस बात का भरोसा है कि कोई सही शख्स सही वक्त पर मेरी जिंदगी में आएगा." रश्मि देसाई रियलिटी शो बिग बॉस के 15वें सीजन भी हिस्सा रह चुकी हैं. इस दौरान शो के कंटेस्टेंट अरहान और उनकी डेटिंग की खबर का खुलासा हुआ था. हालांकि, इसी दौरान उन्हें ये भी पता चल गया कि अरहान उनके साथ धोखा कर रहे हैं. जिसके बाद दोनों का रिश्ता खत्म हो गया. वहीं बिग बॉस के दूसरे कंटेस्टेंट सिद्धार्थ शुक्ला के साथ भी रश्मि का नाम कई बार जोड़ा गया है. हालांकि, दोनों ने हमेशा ही अपने रिश्ते से इनकार किया है. रश्मि और सिद्धार्थ 'दिल से दिल तक' में एक साथ काम भी कर चुके हैं. करियर की बात की जाए, तो एक्ट्रेस ने सीरियल के अलावा अब ओटीटी प्लेटफॉर्म और फिल्मों में करियर आजमाना चाहती हैं. उन्होंने कहा कि मेरा सफर जारी है, क्योंकि मेरे सपने बहुत बड़े हैं.

## सनी देओल की गर्ल गैंग



सनी पाजी पूरी तैयारी कर चुके हैं. इस वक्त उनके खाते में एक से बढ़कर एक धांसू फिल्में हैं. 'गदर 2' के बाद से ही उनकी वापसी का इंतजार किया जा रहा है. सनी देओल को लेकर माहौल सेट है. उनकी कमबैक फिल्म होगी- जाट. गोपीचंद मलिनेनी की फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हैं. कुछ दिनों पहले पता लगा था कि फिल्म में सनी देओल 6 विलेन्स से पंगा लेने वाले हैं. इसी बीच नए अपडेट ने फैन्स को खुश कर दिया है. इस फिल्म में सनी पाजी के साथ 8 एक्ट्रेसेस होंगी. सनी देओल को 'जाट' में 6 विलेन्स से अकेले नहीं भिड़ना होगा. उनके साथ फुल एक्शन मोड में 8 एक्ट्रेसेस की एंट्री करवाई जा रही है. दरअसल डायरेक्टर साहब पुरानी सोच को खत्म करना चाहते हैं. यही वजह है कि वो 'जाट' में 8 फीमेल एक्ट्रेसेस की एंट्री करा रहे हैं. साथ ही सभी को फाइटर्स के रोल में पेश करना चाहते हैं. वो चाहते थे कि फिल्म में जितना स्ट्रॉन्ग हीरो है, उतनी ही हीरोइन भी होनी चाहिए. इसी पर काम भी किया गया है.सनी देओल इस फिल्म में फुल एक्शन अवतार में दिख रहे हैं. कुछ वक्त पहले धांसू टीजर आया था, जिसमें वो एक हाथ में पंखा, तो दूसरे हाथ से दुश्मनों को पीटते हुए दिख रहे हैं. इसी बीच फिल्म में जिन 8 एक्ट्रेसेस की एंट्री करवाई गई है. उनमें सैयामी खेर, रेजिना कैसेंड्रा, बंधवी श्रीधर, मौमिता पाल, विशिका कोटा, प्रणीता पटनायक, दौलत सुल्ताना और आयशा खान का नाम शामिल हैं. इनके अलावा 65 साल की ज़रीना वहाब भी सनी देओल के साथ दिखने वाली हैं.



## महेश बाबू-प्रियंका की फिल्म का नाम क्या होगा?

एस.एस राजामौली इस वक्त अपनी अगली फिल्म पर काम कर रहे हैं. 1000 करोड़ के बजट में तैयार हो रही SSMB29 में महेश बाबू के साथ प्रियंका चोपड़ा काम कर रही हैं. फिलहाल हैदराबाद में फिल्म की शूटिंग चल रही है. हालांकि, अबतक फिल्म का टाइटल सामने नहीं आया है. यूं तो लंबे वक्त से ऐसी चर्चा चल रही है कि मेकर्स फिलहाल दो-तीन नाम पर विचार कर रहे हैं. लेकिन कुछ भी अबतक फाइनल नहीं है. अब नई रिपोर्ट के मुताबिक, राजामौली दो नामों पर चर्चा कर रहे हैं.यूं तो राजामौली ने फिल्म की कोई भी डिटेल अबतक बाहर शेयर नहीं की है. वो चाहते भी नहीं है कि ऐसा हो. यही वजह है कि पूरी टीम को सेट पर फोन लाने की मनाही है. साथ ही एक एग्रीमेंट भी साइन करवाया गया है. लेकिन लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, गरुड़ और महाराज नाम पर चर्चा चल रही है.इससे पता लगा कि एस.एस राजामौली की 1000 करोड़ी फिल्म के लिए 'महाराज' नाम को आइडल च्वाइस बताया जा रहा है. लेकिन फिलहाल मेकर्स की तरफ से कुछ भी कंफर्म नहीं किया गया है. यूं तो फिल्ममेकर अपनी पिक्चरों के टाइटल यूनिक रखते हैं. लेकिन 'महाराज' टाइटल की तो पहले ही कई फिल्में आ चुकी हैं. अब क्योंकि राजामौली इस मामले में एक कदम आगे सोचते हैं, तो देखना होगा कि यह कितना सही है. क्या सच में महाराज नाम ही फाइनल किया जाएगा. कहीं सेम नाम रखने के चक्कर में उल्टा नुकसान न हो जाए.इस वक्त हैदराबाद की एल्युमीनियम फैक्ट्री में फिल्म का शूट चल रहा है. जहां महेश बाबू मौजूद हैं, जल्द ही उन्हें प्रियंका चोपड़ा ज्वाइन करने वाली हैं. फिल्म को लेकर आए दिन कोई न कोई अपडेट आता रहता है. कुछ दिनों पहले खबर आई थी कि फिल्म के लिए नाना पाटेकर को कास्ट किया जा सकता है. हालांकि, कुछ भी कंफर्म नहीं था.हाल ही में खबर आई थी कि इस 1000 करोड़ी फिल्म के लिए प्रियंका चोपड़ा को 30 करोड़ रुपये मिले हैं. हालांकि, यह उनके पिछले हॉलीवुड प्रोजेक्ट से 10 करोड़ कम है. उन्हें वहां 40 करोड़ फीस मिलती है. लेकिन कम फीस में एक्ट्रेस इसलिए मान गईं, क्योंकि राजामौली उन्हें जबरदस्त रोल दे रहे हैं. विलेन बन रही हैं, लेकिन ऐसा अंदाज होगा, जैसा पहला नहीं दिखा.

## अमिताभ और रजनीकांत को नहीं आती एक्टिंग...



बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन और साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत को एक्टिंग की दुनिया के दिग्गज माना जाता है। दशकों से ये दोनों सितारे सिनेमा पर राज कर रहे हैं और उनकी फिल्मों को फैंस का बेहतरीन रिस्पॉन्स मिलता है। लेकिन हाल ही में वेट्टैयन फिल्म में काम कर चुके अभिनेता एलेन्सियर ले लोपेज ने इन दोनों को लेकर ऐसा बयान दिया, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। उन्होंने कहा कि अमिताभ और रजनीकांत को एक्टिंग नहीं आती। उनके इस बयान ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है। आइये जानते हैं, आखिरकार उन्होंने ऐसा क्यों कहा...

एलेन्सियर ले लोपेज साउथ फिल्म इंडस्ट्री के जाने-माने अभिनेता हैं। उन्होंने कई तमिल और मलयालम फिल्मों में काम किया है। 2024 में रिलीज हुई फिल्म वेट्टैयन में उन्होंने एक जज का रोल निभाया था। इस फिल्म को टी. जे. गणनावेल ने डायरेक्ट किया था। इसमें रजनीकांत ने एक पुलिस अधिकारी का किरदार और अमिताभ बच्चन ने इस फिल्म से तमिल डेब्यू किये थे। यह फिल्म वर्ल्डवाइड 253 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

फिल्म वेट्टैयन में एलेन्सियर ले लोपेज का रोल छोटा था, लेकिन उनके बयान ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी। उन्होंने बताया कि उनका सीन सिर्फ एक दिन में मुंबई में शूट होना था। उन्हें फ्लाइट टिकट और फाइव-स्टार होटल में ठहरने की व्यवस्था दी गई थी। इस सीन में उन्हें एक जज की कुर्सी पर बैठना था, जबकि सामने अमिताभ बच्चन और रजनीकांत थे।

लोपेज ने कहा कि उन्होंने कॉलेज के दिनों में रजनीकांत को हेलीकॉप्टर के घूमते ब्लेड को दांतों से रोकते हुए देखा था। इसलिए वह उनके साथ काम करने के लिए काफी उत्साहित थे। लेकिन जब उन्होंने फिल्म के सेट पर रजनीकांत की बॉडी लैंग्वेज देखी तो उन्हें समझ आया कि उनका स्टाइल कुछ अलग ही है।

## सलमान और एटली की फिल्म पर संकट



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान और निर्देशक एटली के साथ काम करने की खबरों ने फैंस को एक्साइटेड कर दिया था, रिपोर्टों में दावा किया जा रहा था, कि यह एक मेगा बजट एक्शन ड्रामा फिल्म होगी, जिसमें साउथ के दिग्गज अभिनेता रजनीकांत या कमल हासन भी नजर आ सकते हैं. हालांकि, अब ताजा रिपोर्ट्स से पता चला है, कि यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है. इसके पीछे का कारण अभी तक साफ नहीं हुआ है.

शाहरुख खान के साथ 'जवान' की बड़ी सफलता के बाद, एटली ने वरुण धवन के साथ 'बेबी जॉन' पर काम शुरू किया. इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान, पिंकविला के साथ बातचीत में उन्होंने क्लू दिया था, कि उनकी अगली फिल्म में एक बड़ा सुपरस्टार शामिल हो सकता है. उनके इस बयान ने यह अटकलें तेज कर दी थीं, कि सलमान खान उनकी अगली फिल्म में नजर आ सकते हैं.

इससे पहले, पिंकविला की एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया था, कि सलमान और एटली की फिल्म एक मेगा-बजट पुनर्जन्म ड्रामा होगी. इसमें सलमान खान को पहली बार योद्धा के अवतार में पीरियड युग में दिखाने की प्लानिंग थी, जबकि वर्तमान युग की कहानी को सीक्रेट रखा गया था.

फिल्म को लेकर इंडस्ट्री के सूत्रों से खबर सामने आई, कि "यह एक बेहद महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट था, जिसमें एटली दर्शकों के लिए एक नई सिनेमाई दुनिया बनाने की प्लानिंग बना रहे थे. इसमें जबरदस्त एक्शन, ड्रामा, रोमांच और इमोशंस शामिल होने वाले थे."इसके अलावा, रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया था, कि निर्देशक फिल्म में एक और दिग्गज अभिनेता को कास्ट करने की प्लानिंग बना रहे थे, और कमल हासन या रजनीकांत में से किसी एक के फिल्म में शामिल होने की उम्मीद थी. फिलहाल, अब जब यह प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया है, सलमान खान के फैंस को उनकी अगली फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट का इंतजार हैं. वहीं, एटली और अल्लू अर्जुन की जोड़ी से दर्शकों को एक बड़े धमाके की उम्मीद है.

## महामंडलेश्वर पद के लिए ममता से पैसों की डिमांड



पूर्व बॉलीवुड एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी किन्नर अखाड़े के महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा दे चुकी हैं. उन्होंने सोमवार को इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी कर इस्तीफे का ऐलान किया था. उन्हें यह पद दिए जाने को लेकर किन्नर अखाड़े में काफी विरोध हुआ था, जिसके बाद उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला लिया है. इस दौरान ममता ने कहा वो साध्वी की तरह ही अपना जीवन जिएंगी. पर इस वीडियो में उन्होंने महामंडलेश्वर पद के लिए पैसे मांगे जाने की बात भी कही है. ममता कुलकर्णी ने पैसे के लेनदेन को लेकर कहा कि-"मेरे सामने तीन-चार महामंडलेश्वर थे, जब मुझसे 2 लाख रुपये मांगे गए थे. मेरे सामने तीन-चार जगत गुरू भी थे, उसी रूम के अंदर. ममता कुलकर्णी का कहना है कि उन्होंने मना कर दिया था कि उनके पास पैसे नहीं है." ममता कुलकर्णी ने बीते दिनों एक 5 मिनट का वीडियो जारी किया था. इस दौरान वो कहती नजर आईं थीं वो इस पद से इस्तीफा दे रही हैं. 25 साल से साध्वी थीं और आगे भी साध्वी ही रहेंगी. महामंडलेश्वर पद मिलने को लेकर उन्होंने खुलासा किया कि "आचार्य डॉक्टर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी का बहुत सम्मान करती हूं. और जो मेरे पैसों के लेनदेन की बात है, जब मुझसे 2 लाख मांगे गए थे, मेरे सामने तीन-चार महामंडलेश्वर थे."

महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा देने के बाद उन्होंने बताया, जब उनसे 2 लाख रुपये की मांगे हुई, तो उन्होंने कहा कि पैसे नहीं है, उस वक्त उनके सामने तीन-चार जगत गुरू भी थे. तब महामंडलेश्वर जय अम्बा गिरी ने अपनी जेब से दो लाख रुपए निकालकर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी जी को दिए थे. वो कहती हैं कि मुझ पर सवाल है कि 4 करोड़ दिए, 3 करोड़ रुपये दिए.

## रश्मिका और विक्की कौशल पहुंचे अमृतसर

अभिनेता विक्की कौशल अपनी अपकमिंग फिल्म 'छावा' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। अभिनेता कोलकाता, पटना के बाद अब सोमवार को स्वर्ण नगरी अमृतसर पहुंचे, जहां उन्होंने अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ स्वर्ण मंदिर में मत्था टेका.



सामने आईं तस्वीरों और वीडियो में रश्मिका मंदाना और विक्की कौशल स्वर्ण मंदिर के कैंपस में खड़े नजर आए। पैर में लगी चोट की वजह से रश्मिका व्हील चेयर पर बैठी नजर आईं। विक्की कौशल व्हाइट कुर्ता-पायजामा के साथ सिर पर पटका बांधे नजर आए। वहीं, रश्मिका पिंक कलर की सूट-सलवार में दिखीं। रश्मिका ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन में भी एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह विक्की कौशल के साथ पोज देती नजर आईं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, "अमृतसर की हाल आआ।" विक्की कौशल ने भी अपने इंस्टा पर ऐसा ही एक पोस्ट को शेयर किया। 'छावा' के प्रमोशन के लिए पहुंचे थे विक्की कौशल पटना इससे पहले विक्की कौशल पटना 'छावा' के प्रमोशन के लिए पहुंचे थे, जहां उन्होंने अपने पसंदीदा लिट्टी चोखा का लुत्फ उठाया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिट्टी चोखा खाते हुए एक वीडियो शेयर किया था। अभिनेता ने लोकप्रिय डिश के प्रति अपने प्यार को दिखाते हुए कैप्शन में लिखा, "पटना आकर लिट्टी चोखा कैसे मिस कर जाएं?" पटना से पहले अभिनेता कलकत्ता पहुंचे थे, जहां उन्होंने रसगुल्ला खाया था। अभिनेता ने येलो टैक्सी में सवारी भी की थी

। 'छावा' देखने के लिए अभिनेता प्रशंसकों से बंगाली में गुजारिश करते नजर आए थे।

विक्की कौशल ने प्रमोशन की शुरुआत छत्रपति संभाजी महाराज की नगरी में स्थित घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग में भगवान शिव की आशीर्वाद के साथ की थी।फिल्म में विक्की, रश्मिका और अक्षय खन्ना के साथ आशुतोष राणा, हम्बीराव मोहिते, दिव्या दत्ता सोयराबाई और डायना पेंटी समेत अन्य कलाकार अहम भूमिका में दिखेंगे।

मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी 'छावा' शिवाजी सावंत के मराठी उपन्यास 'छावा' पर आधारित है, जिसके निर्देशक लक्ष्मण उतेकर हैं। फिल्म के लिए एआर रहमान ने दो गाने तैयार किए हैं। पहला 'जाने तू' और दूसरा 'आया रे तूफान' है। मेकर्स ने हाल ही में दोनों ट्रैक को रिलीज कर दिया है।

# आज क्लीन स्वीप करने उतरेगी टीम इंडिया

## कोहली से 'विराट' प्रदर्शन की उम्मीद

**अहमदाबाद.**



टी20 सीरीज में इंग्लैंड को धूल चटाने के बाद टीम इंडिया ने वनडे सीरीज में भी अंग्रेजों को धो डाला है. पांच मैचों की टी20 सीरीज भारत ने 4-1 से जीती थी.अब तीन मैचों की वनडे सीरीज में रोहित एंड कंपनी 2-0 से आगे है. अब तीसरे वनडे में भारतीय टीम क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी. वहीं इंग्लैंड की नजरें साख बचाने पर रहेंगी.

भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा वनडे मैच आज अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा. पहले दो मैच में आसान जीत से उत्साह से लबरेज भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार को होने वाले तीसरे वनडे में अपनी लय बरकरार रखकर क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी. हालांकि, इस मैच में सभी की नजरें विराट कोहली के प्रदर्शन पर रहेंगी, क्योंकि चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फॉर्म हासिल करने का विराट के पास यह अंतिम मौका है.

कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की, जो भारत के लिए अच्छे संकेत हैं. कोहली अपने इस साथी से प्रेरणा लेकर यहां बड़ी पारी खेलना चाहेंगे. कोहली पूरी तरह से लय में नहीं दिख रहे हैं, लेकिन वह इतनी देर तक क्रीज पर नहीं टिके हैं कि खुद को बड़ी पारी खेलने का मौका दे सकें. कोहली का बल्ला अगर चल जाता है तो यह स्टार बल्लेबाज वनडे क्रिकेट में 14000 रन बनाने वाला तीसरा खिलाड़ी बन सकता है. कोहली को इस मुकाम पर पहुंचने के लिए केवल 89 रन की जरूरत है. भारत ने अभी तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है. जहां तक जोस बटलर की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम का सवाल है तो उसे चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मनोबल बढ़ाने वाली जीत हासिल करने के लिए तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा. ऑलराउंडर जैकब बैथेल के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से भी उसकी टीम की परेशानियां बढ़ गई हैं. यह कहने की जरूरत नहीं है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कोहली की फॉर्म को लेकर चिंतित होगी. आठ टीमों के बीच खेली जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से पाकिस्तान और दुबई में शुरू होगी. भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा. भारत अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा और 23 फरवरी को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा.

# इंटरनेशनल मैच में दिखा दुर्लभ नजारा

## जब द. अफ्रीका के फील्डिंग कोच मैदान पर उतर गए

**नई दिल्ली.**



पाकिस्तान की मेजबानी में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका टीमें इन दिनों त्रिकोणीय वनडे सीरीज खेल रही हैं। इस सीरीज के पहले मैच में जहां फ्लड लाईट के चलते न्यूजीलैंड के स्टार खिलाड़ी रचिन रविंद्र घायल हो गए थे। वहीं, साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए दूसरे वनडे में दुर्लभ नजारा देखने को मिला। लाहौर में खेले गए इस मुकाबले में उस समय हर कोई हैरान रह गया, जब साउथ अफ्रीका टीम के फील्डिंग कोच वांडिले ग्वावु खुद फील्डिंग के लिए मैदान पर उतर गए। वनडे इंटरनेशनल मैच में अमूमन ऐसा नजारे बहुत कम देखने को मिलते हैं।

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में त्रिकोणीय सीरीज का दूसरा मुकाबला साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया। इस मैच में साउथ अफ्रीका के फील्डिंग कोच ग्वावु को दूसरी पारी के दौरान खुद फील्डिंग के लिए उतरना पड़ा। ये नजारा मैच के आखिरी ओवरों में देखने को मिला। फील्डिंग कोच को फील्डिंग के लिए क्यों उतरना पड़ा? इसके पीछे की वजह साउथ अफ्रीका टीम में खिलाड़ियों की कमी होना थी। इस वजह से वांडिले ग्वावु को क्रिकेट के मैदान पर इंटरनेशनल मैच में फील्डिंग के लिए उतरना पड़ा।

बता दें कि साउथ अफ्रीका की टीम सीरीज के पहले ही मैच में इंजरी के चलते खिलाड़ियों की कमी से जूझती नजर आई। साउथ अफ्रीका ने पहले मैच के लिए सिर्फ 12 खिलाड़ियों का चयन किया था, क्योंकि चैंपियंस ट्रॉफी से पहले एसए20 के बाद से ब्रेक पर हैं। वहीं, एक खिलाड़ी चोट के चलते बाहर है। हेनरिक क्लासेन और केशव महाराज 12 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे मैच से पहले टीम में शामिल होंगे। साउथ अफ्रीका की पूरी टीम जल्द ही पाकिस्तान पहुंचेगी।

### पंकज आडवाणी ने जीती राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप

**इंदौर.**

भारत के स्टार स्नूकर खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने ब्रजेश दमानी को हरा कर राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है। दमानी ने पहला फ्रेम जीतकर चैंपियन खिलाड़ी के सामने दम खम का प्रदर्शन किया था।

# पश्चिम बंगाल ने टेबल टेनिस में जीता डबल गोल्ड



**देहरादून.**

उत्तराखंड में 38 वें राष्ट्रीय खेलों में पश्चिम बंगाल ने पुरुष और महिला दोनों टेबल टेनिस टीम स्पर्धाओं में जीत हासिल की। उनके खिलाड़ियों ने सोमवार को दोनों श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। पुरुष टीम ने फाइनल में महाराष्ट्र को 3-0 से, जबकि महिला टीम ने महाराष्ट्र को 3-1 से हराकर शीर्ष पोडियम फिनिश का दावा किया।

फाइनल की शुरुआत, पश्चिम बंगाल की सुतीर्थ मुखर्जी के महाराष्ट्र की स्वस्तिक घोष से मुकाबला करने के साथ हुई। एक कठिन लड़ाई में, मुखर्जी ने 11-8, 6-11, 14-12, 2-11 और 11-5 के स्कोर के साथ जीत हासिल करते हुए अपनी टीम के लिए पहला अंक हासिल किया।

दूसरे मैच में महाराष्ट्र के दिया पराग चितले ने तेजी से पलटवार करते हुए पश्चिम बंगाल की अयहिका मुखर्जी को हरा दिया। चितले ने मैच में अपना दबदबा बनाया और 12-10, 11-6 और 11-5 के स्कोर के साथ निर्णायक जीत हासिल करके बराबर स्थान पर पहुँच गए। इस जीत के साथ, पश्चिम बंगाल ने पूरी प्रतियोगिता में अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए महिला टीम टेबल टेनिस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र ने एक मजबूत लड़ाई लड़ी।

मिश्रित युगल के प्री क्वार्टर फाइनल में तमिलनाडु के प्रौश एस और श्रिया ए ने उत्तराखंड के सक्षम मित्तल और आदित्री भारद्वाज को 13-11, 11-9, 11-5 से हराया। दिल्ली के शिवजीत सिंह लांबा और लक्षिता नारंग ने उत्तराखंड के आरव नेगी और लगन को 11-4, 11-8, 11-5 से मात दी।

पश्चिम बंगाल ने मिश्रित युगल में भी अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा, जिसमें अनिर्बान घोष और अयहिका मुखर्जी ने उत्तराखंड के आकाश गुप्ता और ख्याति पांडे को 11-3, 11-7, 11-4 से हराया। बंगाल की एक और जोड़ी सौरव साहा और प्राप्ति सेन ने उत्तराखंड के गौतम ध्रुवंश और विदुषी जोशी पर 11-7, 15-13, 11-4 से जीत दर्ज की।

दिल्ली के सुधांशु मैनी और वंशिका भगवान ने भी पांच सेट की थ्रिलर (9-11, 9-11, 13-11, 11-9, 12-10) में महाराष्ट्र के सिद्धेश मुकुंद पांडे और पृथा प्रिया वर्तिकर को हराकर लचीलापन दिखाया। पुरुष युगल के प्री क्वार्टर फाइनल में बंगाल के सौगत सरकार और रोहित चक्रवर्ती ने उत्तराखंड के सक्षम मित्तल और आरव नेगी को 11-4, 11-5, 11-9 से हराया।

# छत्तीसगढ़ ने रिकॉर्ड स्कोर से लगाई जीत की हैट्रिक






**रायपुर.**

छत्तीसगढ़ के रायपुर में ऋषि धवन और मार्टिन गुप्टिल के बीच हुई 240 रन की नाबाद साझेदारी की बदौलत छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने लीजेंड-90 लीग में सोमवार को रेकॉर्ड स्कोर खड़ा किया और बिग ब्वॉयज को 89 रन से शिकस्त देकर लगातार तीसरी जीत हासिल की।

जीत की हैट्रिक के साथ छत्तीसगढ़ अंक तालिका में शीर्ष स्थान बनाए हुए है। नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए पहले मुकाबले में छत्तीसगढ़ पहले बल्लेबाजी करने उतरी। पहले विकेट के लिए ऋषि धवन और मार्टिन गुप्टिल ने नाबाद 240 रन की साझेदारी कर अपनी टीम छत्तीसगढ़ के लिए 15 ओवर में बिना नुकसान के 240 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया। यह इस टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। ऋषि धवन ने 42 गेंदों में 7 चौकों व 4 छक्कों की मदद से 76 रन की पारी खेली। वहीं, मार्टिन गुप्टिल ने 49 गेंदों में 12 चौकों व 16 छक्कों की मदद से 160 रन की रेकार्ड पारी खेली। बिग ब्वॉयज के गेंदबाज एक भी विकेट नहीं झटक सके।

241 रन के विशाल लक्ष्य को हासिल करने उतरे बिग ब्वॉयज के बल्लेबाज तेजी से रन बनाने असफल रहे। छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की कसी गेंदबाजी के कारण बिग ब्वॉयज 15 ओवर में 4 विकेट पर 151 रन की बना सकी और उसे 89 रन से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। रोबिन बिष्ट ने 55 और सौरभ तिवारी ने 37 रन की पारी खेली। छत्तीसगढ़ के गेंदबाज मनन शर्मा ने 2 विकेट झटके। अभिमन्यु मिथुन व कलीम खान को एक-एक सफलता मिली।गुप्टिल ने 326 के स्ट्राइक रेट से महज 49 गेंदों पर नाबाद 160 जड़े। गुप्टिल ने महज 21 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। 12वें ओवर में उसने ईशान मल्होत्रा के एक ओवर में 29 रन बटोरे और सिर्फ 34 गेंदों में शतक बना दिया।

### दुबई कैपिटल्स ने इंटरनेशनल लीग टी20 खिताब जीता




दुबई कैपिटल्स ने फ़ाइनल में डेजर्ट वाइपर्स पर चार विकेट की रोमांचक जीत के साथ अपना इंटरनेशनल लीग टी20 खिताब सुरक्षित कर लिया.

# ज़हीर खान ने टीम इंडिया के हेड कोच पर लगाए आरोप

**नई दिल्ली.**



भारतीय टीम में हेड कोच गौतम गंभीर की रणनीति को लेकर संदेह लगातार बढ़ता जा रहा है। भारत के पूर्व तेज़ गेंदबाज़ ज़हीर खान ने गंभीर की कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि टीम में लचीलापन ठीक है, लेकिन इससे असुरक्षा पैदा हो रही है। उन्होंने गंभीर को चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की असुरक्षा निश्चित रूप से भारत के मुख्य कोच को नुकसान पहुंचाएगी। उन्होंने टीम के चयन और बल्लेबाजी संयोजन पर सवाल उठाए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में यशस्वी जायसवाल ने रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग की थी। श्रेयस अय्यर ने मैच के बाद खुलासा किया था कि वह प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं थे, लेकिन कोहली के घुटने में चोट के चलते ऐन मौके पर उन्हें खिलाया गया। इससे दो सवाल उठ रहे हैं कि फॉर्म में चल रहे श्रेयस अय्यर को नंबर 4 से हटाना और दूसरा गिल को ओपनिंग से हटाना। ये बहुत ज़्यादा लचीलापन असुरक्षा का कारण बनता है।

वहीं, केएल राहुल-अक्षर पटेल प्रयोग की भी सभी ने कड़ी आलोचना की है। केएल राहुल को दोनों मैचों में छठे नंबर पर उतारा गया, क्योंकि निचले क्रम के बल्लेबाज अक्षर पटेल को राहुल से पहले उतारा गया। ज़हीर खान ने कहा कि लचीलापन तब तक ठीक है, जब तक यह दिशा-निर्देशों का पालन करता है। उन्होंने संकेत दिया कि बहुत ज़्यादा बदलाव खिलाड़ियों में असुरक्षा को बढ़ावा दे सकते हैं।

जहीर खान ने क्रिकबज पर कहा कि आपने कहा है कि आपके पास लचीलापन होना चाहिए। नंबर एक और दो तो होंगे ही, लेकिन बाकी खिलाड़ी भी लचीले होंगे। उस लचीलेपन में कुछ नियम भी लागू होते हैं। कुछ प्रोटोकॉल हैं, जिनका आपको पालन करना होगा। कुछ कम्युनिकेशन की आवश्यकता है, जो चीज़ों को सुव्यवस्थित करेगी। अन्यथा, आप असुरक्षा पैदा कर रहे हैं, जो किसी न किसी स्तर पर वापस आकर आपको नुकसान पहुंचाएगी। आप नहीं चाहते कि ऐसा हो। इसलिए आपको उस स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहना होगा।

# ईडन गार्डन में खेला जा सकता है फाइनल मैच

**नई दिल्ली.**



भारत में क्रिकेट को त्योहार की तरह माना जाता है. ऐसे में आईपीएल तो क्रिकेट फैंस के लिए काफी अहम है. इसके 18वें सीजन को लेकर एक बड़ी अपडेट सामने आई है. 21 मार्च से आईपीएल 2025 की शुरुआत हो सकती है. इसी बीच रिपोर्ट्स के हवाले से जानकारी सामने आई है कि जल्द ही बीसीसीआई इसका शेड्यूल जारी करने वाला है. तो आइए आपको शेड्यूल से जुड़ी लेटेस्ट अपडेट के बारे में बताते हैं.

भले ही अभी तक आईपीएल 2025 के लिए आधिकारिक तौर पर तारीखों का ऐलान ना हुआ हो, लेकिन खबरों की मानें तो 21 मार्च से लीग की शुरुआत हो सकती है. इसी बीच एक वेबसाइट में छपी रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है की करीब एक हफ्ते में बीसीसीआई की तरफ से आईपीएल के पूरे शेड्यूल का ऐलान हो जाएगा. हालांकि, किसी खास तारीख के बारे में नहीं बताया गया है. जाहिर सी बात है की 21 मार्च का दिन जल्द ही आने वाला है और बोर्ड कम से कम एक महीने पहले तो शेड्यूल घोषित करेगा ही. इसलिए जल्द ही फैंस के सामने आईपीएल 2025 का शेड्यूल आ सकता है.

आईपीएल 2025 की तारीखों के ऐलान के साथ ही मुकाबलों के वेन्यूज की भी जानकारी सामने आ जाएगी. ताजा रिपोर्टस की मानें, तो मेगा इवेंट का पहला मैच कोलकाता के ईडेन-गार्डेन्स में खेला जा सकता है, क्योंकि आईपीएल 2024 की विजेता केकेआर थी.नियमों की मानें, तो गत विजेता के होम ग्राउंड पर नए सीजन का पहला मैच खेला जाता रहा है. इसलिए फाइनल में केकेआर और सनराइजर्सहैदराबाद का आमना-सामना हुआ था. इसलिए अब केकेआर vs एसआरएच के बीच पहला मैच खेला जा सकता है.

ईडेन गार्डन को मिल सकती है अहम जिम्मेदारी

पिछले कुछ सीजनों से आईपीएल के फाइनल मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जा रहे हैं. लेकिन, रिपोर्ट्स के हवाले से खबर आ रही है कि आईपीएल 2025 के फाइनल मैच की मेजबानी ईडेन-गार्डेन्स को मिल सकती है. प्लेऑफ 2 भी कोलकाता में खेले जाने की उम्मीद है. वहीं प्लेऑफ 1 और एलिमिनेटर मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में हो सकते हैं. हालांकि, वेन्यू की पुष्टि तो शेड्यूल के आने के बाद ही हो पाएगी

# ओडिशा एफसी ने पंजाब एफसी को बराबरी पर रोका

**मुंबई.**




पंजाब एफसी को 10 खिलाड़ियों वाली ओडिशा एफसी ने 1-1 से ड्रा पर रोक दिया और दोनों टीमों ने सोमवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मैच में बराबरी कर ली। पंजाब एफसी के ग्रीक स्ट्राइकर पेट्रोस गियाकोउमाकिस ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में अपनी टीम को बढ़त दिलाई, जब घरेलू टीम 10 खिलाड़ियों पर सिमट गई थी, लेकिन इसाक राल्टे ने 51वें मिनट में बराबरी कर ली।

पंजाब एफसी 19 मैचों में 24 अंकों के साथ नौवें स्थान पर रही, जबकि ओडिशा एफसी ने भी 20 मैचों में 26 अंकों के साथ अपना सातवां स्थान बरकरार रखा। पंजाब एफसी के कोच पानागियोटिस दिलम्पेरिस ने शुरुआती लाइनअप में तीन बदलाव किए और मेलरॉय असीसी, प्रमवीर सिंह और आशीष प्रधान की जगह सुरेश मीतेई, निखिल प्रभु और फिलिप मृजलजक को शामिल किया ओडिशा एफसी के कोच सर्जियो लोबेरा अहमद जाहोह और माउर्टडा फॉल की सेवाओं से चूक गए, क्योंकि कार्लोस डेलगाडो ने डिफेंस में शुरुआत की, जबकि डिएगो मौरिसियो ने ह्यूगो बोमस, राहुल के.पी. और इसाक राल्टे के साथ हमले का नेतृत्व किया।पंजाब एफसी के पहले 30 मिनट में हाई-एनर्जी प्ले ने ओडिशा को चौंका दिया। जियाकोउमाकिस ने नेट पाया, लेकिन इसे ऑफसाइड करार दिया गया। जुगर्नॉट्स के गोलकीपर अमरिंदर सिंह को कई बार एक्शन में बुलाया गया, जबकि दूसरे छोर पर रवि कुमार को शायद ही कोई चुनौती दी गई। पंजाब एफसी ने कुछ मिनट बाद अपने संख्यात्मक लाभ का फायदा उठाया जब मृजलजक ने बॉक्स के किनारे रिकी शाबोंग को पास दिया। शाबोंग ने बदले में जियाकोउमाकिस को पाया.

# भारतीय सेना के आर्मी एविएशन कोर में 'नारी शक्ति'

## > लड़ाकू हेलीकॉप्टर को उड़ा रहीं महिला पायलट

**बेंगलुरु**

बेंगलुरु में चल रहा एयरो इंडिया 2025 भारत की स्वदेशी रक्षा उत्पादन और आधुनिक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की क्षमताओं को दर्शाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इस कार्यक्रम में आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे आर्मी एविएशन एक अत्याधुनिक और पूर्णतः स्वतंत्र बल के रूप में विकसित हो रहा है, जो भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

भारतीय सेना के आर्मी एविएशन कोर ने हमेशा 'नारी शक्ति' को बढ़ावा देने का प्रयास किया है और महिलाओं को महत्वपूर्ण सैन्य भूमिकाओं में शामिल किया है। यह पहल न केवल भारतीय सेना की लैंगिक समानता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि महिलाओं को उस क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर देती है, जिसे पहले पुरुषों के लिए आरक्षित माना जाता था।



**लड़ाकू हेलीकॉप्टर उड़ा रहीं महिला पायलट**

2022 में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई, जब महिला अधिकारियों को हेलीकॉप्टर पायलटों के रूप में लड़ाकू उड़ानों में शामिल किया गया। इस निर्णय ने लंबे समय से चली आ रही धारणाओं को तोड़ा और महिलाओं की कॉम्बैट ऑपरेशंस में भागीदारी को नया आयाम दिया। मेजर अभिलाषा बाराक, जिन्होंने इस क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई, ने अपने प्रशिक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और सिल्वर चीता ट्रॉफी प्राप्त की, साथ ही अपने उड़ान कोर्स में प्रथम स्थान हासिल किया।

**इन पदों पर भी हैं महिला अधिकारी**

महिला अधिकारियों की भागीदारी केवल हेलीकॉप्टर तक ही सीमित नहीं है। उन्हें रिमोटली पायलटेड एयरक्राफ्ट सिस्टम्स में ऑब्जर्वर पायलट के रूप में भी शामिल किया गया है। वर्तमान में सेना विमानन कोर में 13 महिला अधिकारी वायु यातायात नियंत्रण में कार्यरत हैं। 8 महिला अधिकारी संचालन में शामिल हैं। 9 महिला अधिकारी विभिन्न विमानन स्क्वाड्रनों में हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में कार्यरत हैं।

# पीएम मोदी की विदेश नीति के दीवाने हुए शशि थरूर

**नई दिल्ली.**

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने पीएम मोदी की विदेश नीति पर हां में हां मिलाई है। साथ ही उन्होंने पाक मुद्दे पर विदेश मंत्री जयशंकर की वकालत भी की है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने 26 नवंबर 2008 के मुंबई हमले और 2016 के पठानकोट आतंकवादी हमलों को ''विश्वासघात'' करार दिया है। सोमवार को शशि थरूर ने कहा कि पाकिस्तान के साथ इस समय निर्बाध वार्ता संभव नहीं है, क्योंकि कोई इस तरह बात नहीं कर सकता कि जैसे कुछ हुआ ही नहीं हो। बहरहाल, थरूर ने लोगों के बीच आपसी संबंधों की वकालत की है।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने जोर देकर कहा कि 'बात न करना भी नीति नहीं है।' 'फोरेन कारेस्पोंडेंट क्लब' में आयोजित एक संवाद के दौरान भारत-पाकिस्तान संबंधों पर एक सवाल के जवाब में थरूर ने कहा कि वह अपने जीवन के अधिकांश समय शांति के पक्षधर रहे हैं, 'लेकिन मुझे भी लगता है कि वास्तविकता ने मुझे ठगा है।'



**जैसे कुछ हुआ ही न हो**

शशि थरूर ने कहा, 'मैं वास्तव में विदेश मंत्री से सहमत हूं कि निर्बाध बातचीत संभव नहीं है, क्योंकि आप प्रतिक्रिया देने के अलावा कुछ नहीं कर सकते। उदाहरण के लिए, जब 26/11 (मुंबई) हमला हुआ, तब हम बातचीत की प्रक्रिया में थे।' उन्होंने कहा, 'आप इस तरह से बातचीत जारी नहीं रख सकते जैसे कि कुछ हुआ ही न हो।'

**अप्रवासी भारतियों को यूएस से निकाले जाने पर बोले थरूर**

इसके साथ ही थरूर ने कहा कि जिस तरह से अमेरिका से भारतीयों के एक समूह को वापस भेजा गया, उससे स्वाभाविक रूप से भारत में काफी चिंता, आक्रोश और गुस्सा पैदा हुआ है। नई दिल्ली को इस बारे में वाशिंगटन को 'संवेदनशीलता से' संदेश देना होगा।

# 'हालात पक्ष में हों तो नाचने की जरूरत नहीं': मदनी

**नई दिल्ली.**

दिल्ली विधानसभा में भाजपा को मिली बड़ी जीत पर जमीयत उलेमा ए हिन्द के अध्यक्ष महमूद मदनी ने कहा, खदशात ( आशंकाए ) औऱ उम्मीदें ज़िन्दगी के साथ हैं, मुसलमानों को हौसला रखना चाहिए। हालात माफ़ीक़( पक्ष ) में हो तो नाचने की जरूरत नहीं औऱ खिलाफ़ हो तो अफसुरदा (गमगीन ) होने की जरूरत नहीं है। मदनी ने आगे कहा कि पहाड़ हो या दरिया हमारा रास्ता नहीं रोक सकते..हमने इस मुल्क को सोच समझकर चूज किया है, ये हमारा वतन है। मदनी ने भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट के उस बयान पर, जिसपर उन्होंने कहा था कि मुस्तफाबाद का नाम बदल देंगे। इसपर मदनी ने कहा कि नाम तो देवबंद का भी बदल रहे थे औऱ बदल भी दें तो क्या दिक्कत है। बस काम अच्छा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं चाहे केंद्र की सरकार हो या राज्य की, इंसाफ, बराबरी, इज़्ज़त सारी जनता का बाकी रहना चाहिए। बराबरी के अधिकार रहने चाहिए..किसी कौम की सुप्रीमैसी डेवलप की जाए ये हमें मंज़ूर नहीं है।



**मुस्तफाबाद का नाम होगा शिवपुरी या शिव विहार**

बीजेपी विधायक मोहन सिंह बिष्ट ने मुस्तफाबाद सीट पर जीत दर्ज की है और उन्होंने अब इस सीट का नाम बदलने की ठान ली है। मुस्तफाबाद के नाम बदलने को लेकर उन्होंने कहा कि इस सीट का नाम हम जरूर बदलेंगे। नाम बदलने की ठोस वजह बताते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ 58 फीसदी लोग हैं दूसरी तरफ 42 फीसदी लोग हैं। ऐसे में हमें लगता है कि हमें पहले 58 फीसदी लोगों का सम्मान करना चाहिए और इसीलिए इसका नाम बदल देना चाहिए। इस सीट का नाम शिवपुरी या शिव विहार कर देंगे।

# नेपाल ने 23 भारतीय नागरिकों को कर लिया गिरफ्तार

**बागमती.** भारत के पड़ोसी देश नेपाल में पुलिस ने करीब दो दर्जन भारतीय नागरिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक, नेपाल की पुलिस ने एक साथ 23 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया है। हिमालयी देश नेपाल की पुलिस ने सोमवार को बड़ी संख्या में भारतीय नागरिकों की गिरफ्तारी की कार्रवाई को अंजाम दिया है। आइए जानते हैं गिरफ्तार किए गए भारतीय नागरिकों पर क्या आरोप लगाए गए हैं। दरअसल, नेपाल की पुलिस ने देश के बागमती प्रांत में 23 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। नेपाल पुलिस ने इन भारतीय नागरिकों पर ऑनलाइन जुआ रैकेट चलाने का आरोप लगाया है। पुलिस उपाधीक्षक अपिल कुमार बोहरा ने इस कार्रवाई के बारे में बताया है कि ये गिरफ्तारियां काठमांडू से 10 किलोमीटर उत्तर में स्थित बुधनीलकांठा नगरपालिका में दो मंजिला इमारत से की गईं है।

# तीसरी बार ऑस्ट्रेलिया में खिला सबसे बदबूदार फूल

**मेलबर्न.**

फूलों को वैसे महकने के लिए जाना जाता है। मगर दुनिया में एक देश ऐसा है, जहां खिलने वाला एक फूल इतना बदबूदार होता है कि उसके आगे सड़ी हुई लाश की दुर्गंध भी फीकी पड़ जाती है।ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में सड़े हुए शव की दुर्गंध वाला यह दुर्लभ फूल खिला है, जिसे देखने वालों का तांता लगता है। गत तीन महीनों में इस तरह के फूल के खिलने का यह तीसरा मौका है। ऑस्ट्रेलियन नेशनल बॉटैनिक गार्डन में यह फूल शनिवार को पहली बार खिला और सोमवार तक मुरझाने की प्रक्रिया में था।

इससे पहले, जनवरी के अंत में सिडनी के रॉयल बॉटैनिक गार्डन और नवंबर में मेलबर्न के पास गीलॉन्ग बॉटैनिक गार्डन में भी ऐसा ही फूल खिला था। कॉर्प्स फ्लावर का वैज्ञानिक नाम अमोर्फोफैलस टाइटेनियम है। यह फूल इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा के वर्षावनों में पाया जाता है। यह प्राकृतिक रूप से सात से दस साल में एक बार खिलता है और कुछ ही दिनों तक खिला रहता है। इसकी तेज दुर्गंध सड़े हुए मांस जैसी होती है जो मक्खियों और अन्य परागण करने वाले कीटों को आकर्षित करती है।



कैनबरा की कार्यकारी नर्सरी प्रबंधक कैरोल डेल ने कहा कि इस फूल के खिलने के पीछे कोई स्पष्ट कारण नहीं है। उन्होंने बताया कि यह फूल तब खिलता है जब पौधा अपने भूमिगत कंद (कॉर्म) में पर्याप्त ऊर्जा जमा कर लेता है। उन्होंने कहा कि एक सिद्धांत यह है कि ऑस्ट्रेलिया में उगाए गए इन सभी पौधों की उम्र लगभग समान है और वे अब पर्याप्त ऊर्जा संचित करने के बाद फूल देने के लिए तैयार हो गए हैं। डेल ने यह भी बताया कि कैनबरा, सिडनी और गीलॉन्ग की जलवायु एक-दूसरे से अलग है और हर जगह इन पौधों को अलग-अलग खाद और देखभाल प्रदान की जाती है। डेल ने कहा, ''हमें नहीं लगा था कि हमारे यहां सही परिस्थितियां हैं। इसलिए, जब यह फूल खिला, तो यह हमारे लिए एक सुखद आश्चर्य था।'' फूल शनिवार दोपहर को खुलना शुरू हुआ और कुछ ही घंटों में पूरे इलाके में तेज दुर्गंध फैल गई।

**दुर्गंध इतनी खतरनाक की हो जाए उल्टियां**

डेल ने कहा, ''शनिवार शाम तक, इसकी गंध इतनी तीव्र हो गई थी कि इसे सड़क के दूसरी ओर से भी महसूस किया जा सकता था। यह दुर्गंध वास्तव में उल्टी कराने वाली थी।'' कैनबरा में खिले 135 सेंटीमीटर लंबे इस फूल को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी।

ग्रीनहाउस में जगह की कमी के कारण टिकट प्रणाली के जरिए केवल कुछ सौ लोगों को ही अंदर जाने की अनुमति दी गई। फूल की गंध को लेकर लोगों ने अलग-अलग प्रतिक्रियाएं दीं। कुछ लोगों ने इसे मरे हुए जानवर की बदबू जैसी बताया तो कुछ ने कहा कि यह सड़े हुए अंडों, पसीने भरे मोजों, सीवेज और कचरे की मिश्रित गंध जैसी है।

# ममता बनर्जी ने कांग्रेस को दिया बड़ा झटका

## > टीएमसी अकेले लड़ेगी बंगाल में चुनाव
## > गठबंधन की संभावना खारिज

**कोलकाता.**

कांग्रेस पार्टी अभी दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों से उबर भी नहीं पाई थी कि अब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी कांग्रेस को बड़ा झटका दे दिया है। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने जानकारी दी है कि पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में आगामी 2026 विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का ऐलान कर दिया है। ममता बनर्जी ने सोमवार को आगामी चुनाव में कांग्रेस या किसी भी अन्य पार्टी के साथ गठबंधन की किसी भी संभावना को खारिज कर दिया है।

**दो तिहाई बहुमत से चुनाव जीतने का दावा**

टीएमसी प्रमुख बनर्जी ने विधानसभा के बजट सत्र से पहले एक बैठक में अपनी पार्टी के सांसदों को संबोधित करते हुए अगले साल होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव को दो तिहाई बहुमत से जीतने का विश्वास भी जताया। ममता बनर्जी ने दावा किया कि टीएमसी लगातार चौथी बार पश्चिम बंगाल राज्य में सरकार बनाएगी। ममता ने पार्टी के विधायकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। ममता ने आरोप लगाया है कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए मतदाता सूची में विदेशियों के नाम शामिल करने की कोशिश कर सकती है।



जानकारी के मुताबिक ममता ने कहा- ''कांग्रेस ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) की मदद नहीं की। हरियाणा में आप ने कांग्रेस की मदद नहीं की। इसलिए, भाजपा दोनों राज्यों में जीत गई। सभी को एक साथ होना चाहिए, लेकिन बंगाल में कांग्रेस का कुछ भी नहीं है। मैं अकेले लड़ूंगी। हम अकेले ही काफी हैं।'' टीएमसी के एक सूत्र के मुताबिक ममता ने बंद कमरे में हुई बैठक में कहा- "समान विचारधारा वाले दलों को आपसी समझ बनानी होगी ताकि भाजपा विरोधी वोटों का बंटवारा न हो। अन्यथा, इंडिया गठबंधन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा को रोकना मुश्किल हो जाएगा।"

# डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को दी चेतावनी

## > शनिवार दोपहर तक हो सभी बंधकों की रिहाई
## > नहीं तो सब कुछ हो जाएगा बर्बाद

**वाशिंगटन.**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर हमास शनिवार दोपहर तक गाजा में बंधक बनाए गए सभी शेष बंधकों को रिहा नहीं करता है तो इजरायल और हमास के बीच अनिश्चित संघर्ष विराम समझौते को रद्द कर दिया जाना चाहिए। कार्यकारी आदेशों की एक श्रृंखला पर हस्ताक्षर करते समय पत्रकारों को दिए गए बयान में ट्रम्प ने कहा कि यह अंततः इजरायल पर निर्भर है।

ट्रंप ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि अगर शेष बंधकों को रिहा नहीं किया गया तो सब कुछ बर्बाद हो जाएगा। उन्हें डर है कि कई लोग मारे जाएंगे। हालांकि, ट्रम्प ने यह भी कहा, 'मैं अपने लिए बोल रहा हूं।' इजरायल इसे रद्द कर सकता है।



**बंधकों की रिहाई में होगी देरी- हमास**

वहीं, हमास के प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि इजरायल पर युद्ध विराम समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाने के बाद वह अगले बंधकों की रिहाई में देरी करेगा। इजराइल और हमास छह सप्ताह के युद्ध विराम के बीच में हैं। इस दौरान हमास 7 अक्टूबर, 2023 को अपने हमले में पकड़े गए दर्जनों बंधकों को लगभग 2,000 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में रिहा कर रहा है।

# मां बनी हैवान

**अमरोहा.** उत्तर प्रदेश के अमरोहा में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है, जहां पति से हुए विवाद के बाद एक कलयुगी मां ने अपनी ही दो मासूम बेटियों की गला दबा कर हत्या कर दी और इसके बाद खुद का भी गला रेत लिया. गंभीर रूप से घायल हुई हत्यारोपी मां को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है. शबनम कांड के बाद खून के रिश्तों के कत्ल के लिए बदनाम अमरोहा में फिर एक बार खून के रिश्तों का कत्ल हुआ है. दुनिया में कोई भी मां का बच्चा अगर थोड़ा सा भी रो दे तो मां का कलेजा बाहर आ जाता है, लेकिन जुनून में बेदर्द हैवान बनी सोनिया ने अपनी कोख से पैदा दो बेटियों को ही मौत के घाट उतार दिया.

# हैदराबाद में प्रिंसिपल ने छात्रों के साथ स्कूल में की गंदी हरकत

**हैदराबाद.**

हैदराबाद से सटे मेडिपल्ली थाने के अंतर्गत आने वाले बोडुप्पल में श्री ब्रिलियंट टेक्नो हाई स्कूल के प्रिंसिपल पर गंभीर आरोप लगा है। छात्रों के अनुसार, प्रिंसिपल रविंदर राव कक्षा 9 और 10 के छात्रों के निजी अंगों को छूते रहे हैं। इस संबंध में एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो मं दिख रहा है कि स्कूल प्रिंसिपल कक्षा 9 और कक्षा 10 के छात्रों के निजी अंगों को छूकर उन्हें परेशान कर रहा है। यह घटना कैमरे में कैद हो गई और कथित घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वीडियो में देखा जा सकता है कि एक छात्र खड़ा है और प्रिंसिपल उसके निजी अंगों को छूते हुए उससे भिड़ रहा है, जैसा कि वायरल पोस्ट में किया गया दावा है। वह वीडियो में लड़के के निजी अंगों को अपने हाथ से छूते हुए और छात्र की पैंट खोलने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहा है।

इन आरोपों के बाद छात्र, उनके परिजन और छात्र संघ स्कूल के सामने इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन करने लगे और प्रिंसिपल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। प्रिंसिपल रविंदर राव ने आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि अभिभावकों ने उनसे अपने बच्चों को अनुशासित रखने के लिए कहा था। उन्होंने बताया कि छात्रों को डांटते समय उन्होंने सिर्फ़ उनकी टाई और पैंट पकड़ी थी, लेकिन उनका कोई बुरा इरादा नहीं था।

# संभावित आतंकी घटना के लिए तैयार रहें लोग

**सिंगापुर.**

सिंगापुर में जनता को संभावित आतंकवादी घटना के लिए मनोवैज्ञानिक रूप से तैयार रहने का अलर्ट जारी किया गया है। ये चेतावनी सिंगापुर के कानून और गृह मामलों के मंत्री के. षणमुगम ने खुद जारी की है। सिंगापुर के मंत्री ने जानकारी दी है कि अधिकारियों ने देश में और कट्टरपंथी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि हाल ही में सिंगापुर में एक नाबालिग, एक गृहिणी और एक सफाईकर्मी पर चरमपंथी साजिशों के लिए कार्रवाई की गई है।



**चरमपंथी साजिशों के लिए पकड़े गए 3 लोग**

सिंगापुर के कानून एवं गृह मामलों के मंत्री के.षणमुगम ने मंगलवार को लोगों को संभावित आंतकी हमले की चेतावनी दी है। केन्द्रीय व्यापारिक जिले में फोर्ट कैनिंग के निकट स्थित श्री तेंडायुथपानी मंदिर में मीडिया से बात करते हुए मंत्री षणमुगम ने हाल ही में चरमपंथी साजिशों के लिए पकड़े गए एक नाबालिग, एक गृहिणी और एक सफाईकर्मी से जुड़े मामलों का जिक्र किया और लोगों को चेतावनी दी है। इनके खिलाफ आंतरिक सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

मंत्री के.षणमुगम ने आतंकी घाटना के बारे में चेतावनी जारी करते हुए मीडिया से कहा- "यह तीसरा युवक है जिसके खिलाफ हमने अब दक्षिणपंथी चरमपंथी विचारधारा को लेकर आदेश जारी किए हैं। वह नस्लीय सामग्री से प्रभावित था और खुद दक्षिणपंथी श्रेष्ठता की अवधारणा से ग्रसित है।"

# हिमाचल में यूपीएस लागू करने की संभावना!

**शिमला.** हिमाचल प्रदेश में निगमों व बोर्डों को छोड़कर अन्य सरकारी महकमों में कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) को लागू किया जा चुका है और पिछले दो सालों में 700 से ज्यादा कर्मचारियों ने रिटायरमेंट के बाद ओपीएस का लाभ लिया है। इसके बावजूद अब यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लागू करने की संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है। प्रशासनिक स्तर पर इस प्रस्ताव पर गहन मंथन शुरू हो चुका है और इसे जल्द ही कैबिनेट की बैठक में प्रस्तुत किए जाने की संभावना है।

# महाकुंभ के महाजाम पर सीएम योगी हुए फायर

## > एडीजे रैंक के दो अफसरों पर भड़के
## > सस्पेंशन की कार्रवाई तक आई बात

**लखनऊ.**

महाकुंभ में जाने के लिए प्रयागराज से सटे यूपी के कई इलाकों में श्रद्धालुओं को भयंकर ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ 2025 के कारण यातायात की भारी भीड़ को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्थिति को संभालने के लिए सख्त निर्देश जारी करते हुए खुद कमान संभाल ली है।

सूत्रों के मुताबिक सीएम योगी सोमवार को अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में एडीजी रैंक के दो बड़े पुलिस अफसरों से काफी नाराज दिखे।



सूत्रों ने बताया कि सीएम योगी ने एडीजी प्रयागराज भानु भास्कर से कहा कि आपके ऊपर इतनी बड़ी ज़िम्मेदारी है। आप कैसे अपनी ज़िम्मेदारियों से बच सकते हैं।

सबको अपनी ज़िम्मेदारी निभानी होगी और दूसरों पर अपनी ज़िम्मेदारी नहीं डालनी होगी। वहीं एडीजी ट्रैफिक सत्यनारायण से सीएम योगी बेहद नाराज़ दिखे। मुख्यमंत्री ने भरी मीटिंग में एडीजी से कहा कि जब इतना जाम लग रहा था तो आप और आपकी टीम क्या कर रही थी। आपका काम तो सस्पेंशन वाला है।

मीटिंग में सीएम योगी ने कहा कि सभी क़ो पता है की छुट्टी वाले दिन भीड़ बढ़ती है तो शनिवार और रविवार क़ो आपने क्या व्यवस्था की। मुख्य स्नान के दिन आला अधिकारी मौके पर नहीं होते हैं। ऐसे में तो सस्पेंशन की कार्रवाई तो बनती है।

**अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश**

बता दें कि प्रयागराज से सटे यूपी के कई जिलों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण प्रमुख मार्गों पर भारी ट्रैफिक जाम देखा जा रहा है। सीएम योगी ने व्यवस्थाओं की समीक्षा की और पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण के कड़े उपाय लागू करने के निर्देश दिए। महाकुंभ के महत्वपूर्ण दिन माघ पूर्णिमा के लिए विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है, जिस दिन और भी अधिक भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।

# पुणे में गुइलेन बैरे सिंड्रोम से 7वीं मौत

## > 37 साल के युवक ने तोड़ा दम, 167 कंफर्म केस

**पुणे.**

तंत्रिका संबंधी विकार गुइलेन-बैरे सिंड्रोम से पीड़ित पुणे के 37 वर्षीय युवक की शहर के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही, पुणे में जीबीएस से जुड़ी मौतों की संख्या बढ़ कर सात हो गई है, जिनमें संदिग्ध और पुष्टि हो चुके मामले, दोनों शामिल हैं।

इस बीच, संक्रमण के आठ और मामले सामने आने के बाद जीबीएस के संदिग्ध मामलों की संख्या बढ़कर 192 हो गई। पुष्ट मामलों की संख्या 167 है, जबकि 21 मरीज वेंटिलेटर पर हैं।

पुणे के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया, ''मृतक पुणे में वाहन चालक के तौर पर काम करता था। पैरों में कमजोरी की शिकायत के बाद उसे शुरूआत में शहर के एक अस्पताल में लाया गया था।'' उसके रिश्तेदारों ने उसे पुणे के अस्पताल में भर्ती नहीं कराया और इसके बजाय उसे एक फरवरी को कर्नाटक के निपानी ले गए। उन्होंने बताया कि इसके बाद उसके रिश्तेदारों ने उसे सांगली स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसे जीबीएस के इलाज के लिए आईवीआईजी इंजेक्शन दिए गए।



# ईडी ने भोपाल में की बड़ी कार्रवाई

## आरटीओ कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा समेत तीन गिरफ्तार
## आय से अधिक संपत्ति का है मामला

**भोपाल.**

प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने भोपाल में बड़ी कार्रवाई की है। दरअसल ईडी ने आरटीओ कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय के भोपाल जोनल कार्यालय ने सौरभ शर्मा, शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौड़ को 10 फरवरी को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई सौरभ शर्मा और अन्य के खिलाफ दर्ज मामले में की गई है। ईडी ने यह जांच मध्य प्रदेश लोकायुक्त, विशेष पुलिस स्थापना भोपाल द्वार दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। एफआईआर के मुताबिक, परिवहन विभाग, भोपाल में सेवानिवृत कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा ने अपने परिवार के सदस्यों और संबंधित कंपनियों के नाम पर करोड़ों रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित की थी।

**ईडी की टीम ने की गिरफ्तारी**

बता दें कि इस मामले में बीते दिनों आयकर विभाग की टीम ने भोपाल में छापेमारी की थी। इस दौरान चेतन सिंह गौड़ की गाड़ी से 52 किलोग्राम सोने की बार और 11 करोड़ रुपये नकद जब्त किए थे। चेतन सिंह को सौरभ शर्मा का करीबी सहयोगी बताया जा रहा है। बता दें कि 27 दिसंबर 2024 और 17 जनवरी 2025 को ईडी ने सौरभ शर्मा, उनके परिवार और सहयोगियों के ठिकाने पर छापेमारी की थी। इस दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, अचल संपत्तियों के कागजाद और कई कंपनियों में किए गए निवेश से जुड़े दस्तावेज ईडी ने जब्त किए थे। जांच में यह सामने आया कि सौरभ शर्मा ने अपने परिवार, मित्रों और कंपनियों के नाम पर लगभग 25 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति खरीदी थी। इसके अलावा, अबतक 10 करोड़ रुपये की चल संपत्ति को जब्त या फ्रीज किया जा चुका है। जांच में पता चला कि सौरभ शर्मा को 2015 में एमपी परिवहन विभाग में आरटीओ कॉन्स्टेबल की नौकरी मिली थी। इसके बाद उन्होंने अपने सहयोगियों चेतन सिंह गौड़ और शरद जायसवाल के साथ मिलकर कई फर्जी कंपनियां बनाई और उनके बैंक खातों का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया।

